

आआपा और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने किया नामांकन।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 17 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

### गोधरा कांड पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले की सुनवाई 13 फरवरी को करेगा। जस्टिस जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अब इस मामले पर आगे कोई स्थगनादेश नहीं दिया जाएगा।

# आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी

## 2026 से लागू होगा; श्रीहरिकोटा में 3985 करोड़ में तीसरा सैटेलाइट लॉन्च पैड बनेगा

कैबिनेट फैसला

▶▶ प्रधानमंत्री ने आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दी है। वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की मंजूरी प्रदान करता है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की है। जल्द ही इसके अध्यक्ष और दो सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कैबिनेट से जुड़ी पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दी है। वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की मंजूरी प्रदान करता है। इसकी सिफारिशों पर सरकार कर्मचारियों को वेतन प्रदान करती है। वैष्णव ने बताया कि 1947 के बाद से नियमित अंतराल पर वेतन आयोग का गठन किया गया है। अब तक सात वेतन आयोग गठित किया जा चुके हैं। सातवें वेतन आयोग की सिफारिश को 2016 में लागू किया गया था। इसका कार्यकाल 2026 में पूरा होने जा रहा है। इससे पहले 2025 में समय से इसकी समीक्षा करने और तय समय पर सिफारिशें लागू करने के लिए वित्त आयोग की स्थापना की गई है।

**भारतीय मजदूर संघ ने आठवें वित्त आयोग के गठन का किया स्वागत**
भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने केंद्र सरकार के आठवें वित्त आयोग के गठन के फैसले का स्वागत किया है। भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री रविंद्र हिमते ने बयान जारी कर कहा है कि संघ काफी समय से आठवें वित्त आयोग के गठन की मांग कर रहा था। हाल ही में वित्त मंत्रालय के साथ बजट पूर्व परामर्श के दौरान भी हमने यथाशीघ्र इसके गठन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। वह पूरे श्रमिक वर्ग की ओर से उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुरुवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दौरान आठवीं वित्त आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की गई। वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों की वेतन और भत्तों में वृद्धि को लेकर केन्द्र सरकार को अपनी सिफारिशें देगा।

### पीएम कल 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वर्चुअली करेंगे वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जनवरी को दोपहर लगभग 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। सर्वेक्षण के लिए नवीनतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में रहने वाले क्षेत्रों में घरों के मालिक परिवारों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण भारत



की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने की दृष्टि से प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना शुरू की गई थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 3.17 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों में से 92 प्रतिशत शामिल हैं।

### अंतरिक्ष केंद्र में तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरे लॉन्च पैड (टीएलपी) की स्थापना को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इसके लिए कुल निधि की आवश्यकता 3984.86 करोड़ रुपये है और इसमें लॉन्च पैड और संबंधित सुविधाओं की स्थापना शामिल है। यह परियोजना उच्च प्रक्षेपण आवृत्तियों और मानव अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष अन्वेषण मिशनों को शुरू करने की राष्ट्रीय क्षमता को सक्षम करके भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगी। इसे अधिकतम उद्योग भागीदारी के साथ साकार किया जाएगा, जिसमें पहले के लॉन्च पैड स्थापित करने में इसरो के अनुभव का पूरा उपयोग किया जाएगा और मौजूदा लॉन्च कॉम्प्लेक्स सुविधाओं को अधिकतम साझा किया जाएगा। टीएलपी को 48 महीने या 4 साल की अवधि के भीतर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है। टीएलपी को ऐसे विन्यास के लिए डिजाइन किया गया है, जो यथासंभव सार्वभौमिक और अनुकूलनीय हो, जो न केवल एनजीएलवी बल्कि सेमीक्रायोजेनिक चरण के साथ एलवीएम3 वाहनों के साथ-साथ एनजीएलवी के बढ़े हुए विन्यास का भी समर्थन कर सके।

## भारत की युवा शक्ति की ताकत और कौशल पर गर्व : मोदी




उपलब्धि

▶▶ प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब में बदलने के लिए स्टार्टअप इंडिया की सराहना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को स्टार्टअप इंडिया पहल की नौवीं वर्षगांठ पर कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने नवाचार, उद्यमिता और विकास को फिर से परिभाषित किया है। उन्होंने युवाओं से स्टार्टअप को बढ़ाने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि आप निराश नहीं होंगे। मोदी ने भारतीय स्टार्टअप्स के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारत की युवा शक्ति की ताकत और कौशल पर गर्व है, जिसने भारत को स्टार्टअप्स के लिए सबसे आकर्षक स्थानों में से एक बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि आज हम स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने नवाचार, उद्यमिता और विकास को फिर से परिभाषित किया है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह युवा सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का एक शक्तिशाली तरीका बनकर उभरा है। पिछले नौ वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है, उनके अभिनव विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जहां तक सरकार का सवाल है, हमने स्टार्टअप की संस्कृति को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमारी नीतियों ने ह्यकारोबार में आसानीह्ल, संसाधनों तक अधिक पहुंच और सबसे महत्वपूर्ण बात, हर मोड़ पर उनका समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

## ऐतिहासिकः अंतरिक्ष डॉकिंग में भारत को मिली सफलता



रचा इतिहास

▶▶ सरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भारत ने** अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। इसके साथ ही दुनिया में अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया। स्पैडेक्स डॉकिंग की सफलता पर इसरो ने टीम और देशवासियों को बधाई दी है। गुरुवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि अंतरिक्ष यान डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया पर इसरो ने कहा कि डॉकिंग की शुरूआत सटीकता से हुई और 15 मीटर से तीन मीटर होल्ड पॉइंट तक पैंतरेबाजी पूरी हुई। इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया।

**डॉकिंग वह प्रक्रिया है...** डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसकी मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। वांछित कक्षा में प्रक्षेपित होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यान 24 घंटे में करीब 20 किलोमीटर दूर हो जाएंगे





राष्ट्रपति मुर्मु और सिंगापुर के राष्ट्रपति ने राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने पर जारी किया लोगो।

## निर्मला ने सिंगापुर के राष्ट्रपति से की मुलाकात

चर्चा

▶▶ दोनों नेताओं में अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। सिंगापुर के परिवहन, वित्त मंत्री ची. होंग टाट भी मौजूद रहे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से गुरुवार को नई दिल्ली में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं में अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। इस अवसर पर सिंगापुर के परिवहन और वित्त मंत्री ची. होंग टाट भी मौजूद रहे। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की, जिसमें फिनटेक, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया। दोनों पक्षों ने आने वाले दशकों में व्यापार और निवेश संबंधों के विस्तार में विश्वास व्यक्त किया।

## सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें खरीदी जाएंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद का करार गुरुवार को फाइनल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने एमआरएसएएम की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपये का करार किया। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एमआरएसएएम



प्रणाली भारतीय नौसेना के कई जहाजों पर लगाई जाती है और इसे भविष्य में अधिकांश प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी को स्वदेशी बनाने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए इन मिसाइलों में ज्यादातर स्वदेशी सामग्री होगी।

**इसलिए खास है एमआरएसएएम प्रणाली**

एमआरएसएएम प्रणाली को डीआरडीओ और इजरायली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसमें एमएसएमई सहित भारतीय सार्वजनिक और निजी रक्षा उद्योग की भी सक्रिय भागीदारी है।

भारत डायनेमिक्स लिमिटेड में निर्मित एमआरएसएएम से नौसेना की 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है।

## जम्मू-कश्मीरः रहस्यमयी बीमारी से एक और बच्ची की मौत



जांच होगी

▶▶ मरने वालों की संख्या 15 हुई, इसमें से 12 बच्चे; सरकार ने एसआईटी बनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू: जम्मू-कश्मीर** के राजौरी जिले के बधाल गांव में बुधवार रात को 9 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। राजौरी जिले में रहस्यमय बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, जिसमें 12 बच्चे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मौतों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है। बधाल गांव में 7 से 16 दिसंबर 2024 के बीच 2 परिवारों के 9 सदस्यों की मौत हुई थी। इसके बाद 11 जनवरी को मोहम्मद असलम के 6 बच्चे बीमार हुए, जिनमें से 4 की मौत हो गई थी। 12 जनवरी को 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी।

जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने बधाल गांव में हुई इन मौतों की वजह रहस्यमय बीमारी होने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के अंदर और बाहर किए गए सभी जांच के रिजल्ट नेगेटिव आए हैं। मंत्री सकीना मसूद ने कहा कि किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले पूरी जांच होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे जिला विकास आयुक्त और सीनियर पुलिस अधीक्षक से लगातार संपर्क में हैं। मृतकों के नमूनों में न्यूरोटॉक्सिन मिला मत्री सकीना मसूद ने कहा कि अगर ये मौतें किसी बीमारी के कारण हुई होतीं तो ये तेजी से फैल जाती और केवल तीन परिवारों तक सीमित नहीं रहती।

हालांकि कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स ने मृतकों के नमूनों में 'न्यूरोटॉक्सिन' पाए जाने की बात कही है। फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने नेशनल और इंटरनेशनल हेल्थ इंस्टीट्यूट की मदद ली है। जिनमें पुणे का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, दिल्ली का राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, ग्वालियर का रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और पीजीआई चंडीगढ़ शामिल हैं।

**सीएम ने की बैठक** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान: महिला सरपंचों को उनके संबंधित गांवों का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा - मुख्यमंत्री

## 10,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को किया जाएगा विकसितः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत राज्य की सभी महिला सरपंचों को उनके संबंधित गांवों का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पानीपत से शुरू किए गए अभियान में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए अभियान के तहत वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की पूरे देश में सराहना




हो रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज यहां महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रुति चौधरी भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में राज्य में 10,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। 563 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों में अपग्रेड करने के लिए भारत सरकार से 563 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। विभाग ने 2307 आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करने का एक अन्य प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजा है।

लिंगानुपात

▶▶ 4000 आंगनवाड़ी केंद्रों को खेल-आधारित शिक्षा और पोषण केंद्र में किया गया विकसित

**जनता में जागरूकता बढ़ाएं, पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाए**
उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पीएनडीटी एक्ट 1994 के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों को बालिकाओं को बचाने के लिए प्रेरित करने के लिए गांवों में नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि इन कार्यक्रमों में गांव की सभी महिलाओं को आमंत्रित किया जाना चाहिए।

### नीट (यूजी) 2025 पेन-पेपर मोड में आयोजित की जाएगी: एनटीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को घोषणा की है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2025 एक ही दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर) में आयोजित की जाएगी। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जहां परीक्षा कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की जाती थी। एनटीए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक नीट (यूजी)-2025 एक दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर आधारित) में आयोजित की जाएगी।

# बेकाबू कार ने स्कूल जा रही छात्रा को मारी टक्कर, मौत, हादसे के बाद मृतका के चाचा को ही पीटा

**हादसा**

**दुर्घटना में घायल छात्रा को मौके पर मौजूद लोग सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया**





**टीम एक्शन इंडिया**

**बुलंदशहर :** बुलंदशहर के खानपुर थाना क्षेत्र के कनौना चौराहे के निकट घर से स्कूल जा रही छात्रा को एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल छात्रा को मौके पर मौजूद लोग सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं आरोपी चालक को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक छात्रा के चाचा ने आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव औगना निवासी सुंदर सिंह की 16 वर्षीय पुत्री निशि हरिद्वारी लाल इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा है। गुरुवार सुबह 8 बजे वह घर से स्कूल जा रही थी। कनौना चौराहे के निकट एक अनियंत्रित कार ने निशि को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में निशि गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी चालक को पकड़कर घटना की सूचना छात्रा के परिजन और पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन अन्य लोगों की मदद से घायल छात्रा को सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक छात्रा के दो भाई ललित और क्रिश का भी रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका के चाचा सेन्सरपाल ने आरोपी चालक के नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

**चालक के परिजनों पर मारपीट का आरोप:** घटना के बाद आरोपी चालक ने चुपचाप अपने परिजनों को घटना की सूचना दे दी जिसके बाद उसके परिजन पहले ही अस्पताल में एकत्रित हो गए। जहां उन्होंने मृतक छात्रा के चाचा सेन्सरपाल के साथ मारपीट कर आरोपी को छुड़ाने के प्रयास किया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने चालक के परिजनों से छात्रा के चाचा को बचाया।

## भाभी की छोटी बहन पर थी नजर... खेत में विरोध करने पर देवर ने ली थी जान



**बुलंदशहर :** बुलंदशहर के डिबाई कोतवाली क्षेत्र में अपनी बहन के साथ खेत पर गई विवाहिता बबली की उसके मौसेरे देवर और उसके साथी ने जुलाई 2017 में हत्या कर दी। इस संबंध में एडीजे अनूपशहर ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 21-21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि डिबाई कोतवाली क्षेत्र के गांव ईशनपुर निवासी सरोज की जुलाई 2017 में तबीयत खराब हो गई थी। मदद के लिए उन्होंने अपनी छोटी बहन बबली को अपने पास बुला लिया था। बबली की शादी अलीगढ़ निवासी पंकज के साथ वर्ष 2013-14 में हुई थी। उनकी दो संतान हैं। बताया गया कि 29 जुलाई 2017 को 25 वर्षीय विवाहिता बबली अपनी बहन सरोज के साथ खेत में बाजरा काटने के लिए गई थी। उसी दौरान बबली का मौसेरा देवर सुनील सिंह उर्फ लम्बू निवासी मडराक अलीगढ़ अपने एक अज्ञात साथी के साथ पहुंच गया। आरोप है कि इस दौरान दोनों ने बबली से बातचीत की और उसे जबरन मोटरसाइकिल पर ले जाने का प्रयास किया। जब बबली ने विरोध किया, तो सुनील ने अपनी पैंट की जेब से चाकू निकाला और उसकी गर्दन पर वार कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। सूचना पर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे जिन्होंने बबली को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच में आरोपी सुनील के साथी तेजा का नाम प्रकाश में आने पर उसे भी नामजद कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## स्टार्टअप के लिए बनेगा प्रॉब्लम बैंक

**ग्रेटर नोएडा :** देश के हर कोने के मरीजों की समस्याओं का टेक्नोलॉजी की मदद से हल खोजने में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) की इंक्यूबेशन की टीम मदद करेगी। जिम्स में स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए स्टार्टअप के लिए प्रॉब्लम बैंक बनेगा। प्रॉब्लम बैंक की टीम स्वास्थ्य समस्याओं को वैलिडेड करने के बाद उनकी मदद करेगी। स्टार्टअप करने वाले प्रॉब्लम बैंक में आई समस्याओं का समाधान टेक्नोलॉजी की मदद से करेंगे। जैसे सेना में काम करने वाले सैनिक के घर में कोई नहीं है। उनकी पत्नी को दिखाने के लिए अस्पताल ले जाना है। कोई स्टार्टअप ऐसा एप बनाना चाहता हो कि पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र उन्हें अस्पताल में ले जाएं और उनको दिखाकर घर भी छोड़ दे। छात्रों को भी आर्थिक लाभ होगा और मरीज को भी इलाज मिल सकेगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान:** दिल्ली मंडल पर डीएसडीसी ट्रेनों के संचालन के संबंध में आरओबी/एफओबी के तहत आवश्यक 25 केवी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** Rs. 2,37,26,550.04/- |
| 3 | **बयाना राशि :** Rs. 2,68,600/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि:** 28.01.2025 (10.30 बजे) से 11.02.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5. | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय:** 11.02.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत:** Capital (PH-16) |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in |

**सं: 31C-क.वि. -नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 16.01.2025** **180/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गाजियाबाद में जिलाधिकारी ने बैंकर्स को कमरे में किया बंद.... सभी को दिया अल्टीमेटम

**एक्शन**

**लोन पास न करने पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को विकास भवन सभागार में बंदी बना लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत लोन पास न करने पर गुरुवार को गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को विकास भवन सभागार में बंदी बना लिया। शाम को हुई बैठक के बाद उन्होंने कहा कि जब तक लोन के आवेदन पास नहीं करोगे तब तक यहीं रहना होगा। विकास भवन सभागार में बाहर से ताला लगाकर अंदर उनके खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। देर रात तक अगर सभी आवेदन नहीं हुए तो उनके सोने की भी व्यवस्था वहीं कराई जाएगी। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बैंकर्स के पास 403 आवेदन भेजे गए थे जिसमें से 365 आवेदन फारवर्ड भी हो गए लेकिन महज 50 आवेदन इन्होंने पास किए। जिलाधिकारी के ताला लगाने के बाद तत्काल 11 आवेदन पास किए गए। जिलाधिकारी ने सभी को कमरे में बंदकर उनके खाने-पीने की व्यवस्था कराई है। सभी से कहा है कि वह रात नौ बजे तक एक बार फिर निरक्षण करने आएंगे उस समय तक अगर लोन पास हो गए तो वह घर जा सकेंगे नहीं तो रात में सोने की भी व्यवस्था कराई जाएगी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीतू, पताः फ्लैट नं. 264, ब्लॉक 14, गेट नं. 4, जहांगीरपुरी, आजादपुर एनएस मंडी, उत्तर पश्चिम, दिल्ली-110033** ने **Ct No. 5189/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीतू** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीतू** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct No. 5189/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अभियुक्त **नीतू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कोर्ट नं. 213, उत्तर
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/691/NW/2025**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रफिक** पुत्र **मजिद** निवासी **11 बिसवा, बड़ी मस्ज़िद, गांव फतेहपुर टागा, जिला फरीदाबाद सदर, फरीदाबाद, हरियाणा** ने case **FIR No. 543/2021 U/s 279/338 IPC, थाना फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **रफिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **रफिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 543/2021 U/s 279/338 IPC, थाना फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रफिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष कुमार मीणा
महानगर दण्डाधिकारी-01
कमरा नं.-214

**DP/702/SD/2025(Court Matter)** साकेत कोर्ट काम्प्लेक्स, नई दिल्ली


## नोएडा एयरपोर्ट से जल्द जुडेगी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे

**ग्रेटर नोएडा।** एनसीआर में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच आवाजाही के लिए नया विकल्प तैयार हो चुका है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे को नोएडा एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के लिए 31 किमी लंबी लिंक रोड का काम अंतिम चरण में हैं। बीच में बने पुल और संपर्क रोड को जोड़ने का काम चल रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण से इसकी अनापत्ति के लिए आवेदन किया है।

## पत्नी से झगड़े के बाद तनाव में आया वीडियो क्रिएटर, गंगनहर में कूदा युवक

**टीम एक्शन इंडिया**

**मोदीनगर।** निवाड़ी गंगनहर में एक युवक बृहस्पतिवार सुबह कूद गया। घरेलू कलह में क्षुब्ध आकर युवक ने यह कदम उठाया। आसपास के लोगों की सूचना पर निवाड़ी पुलिस व गौताखोरों की टीम ने नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक नहीं मिला। निवाड़ी पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को पत्र लिखा है। उम्मीद है कि आज शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम सर्च ऑपरेशन चलाएगी।

निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव भनैड़ा के राशिद (28) कामगार थे। घर में पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहते थे। बताया जा रहा है कि घर में पत्नी से कलह चल रही थी। जिसके चलते राशिद तनाव में चल रहे थे। इंस्टाग्राम पर रील भी बनाता था। बृहस्पतिवार सुबह करीब दस बजे वे अपने मोपेड से निवाड़ी पुल पर पहुंचे। पुल पर मोपेड़ खड़ी की और गंगनहर में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने यह देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोतोखोरों को नहर में उतारा। शाम तक सर्च आपरेशन चलाया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मोपेड की मदद से राशिद की पहचान कर स्वजन को सूचना दी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2024-25-29** के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| कार्य का विवरण | 'Changing of Transformer of WAP5/WAP7 locomotives' for the period of 12 months at Electric Loco Shed Ghaziabad. |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 48,82,250.00 |
| धरोहर राशि (रुपये) | Rs. 97,700.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 10.02.2025 (11:00 Hrs.) |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 10.02.2025 (After 11:00 Hrs.) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदाकर्ता को ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली **(IREPS)** साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए।
सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है।

निविदा संख्या : **230-TRS-GZB-2024-25-29** दिनांक : **15.01.2025** **175/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष पुत्रः** राजू, **निवासी** हरस्वरूप कॉलोनी, डॉ. राधे श्याम का मकान, फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली, ने **FIR No. 277/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 277/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आशीष** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष कुमार मीना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-1
दक्षिण जिला, कमरा नं0 214
साकेत कोर्ट काम्पलेक्स, नई दिल्ली

**DP/673/SD/2025 (Court Matter)**


## कमरे में फंदे से लटका मिला शव, दोनों पैर खा गए कुत्ते; ऐसी बॉडी देख हिल गए



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** नंदग्राम स्थित डबल टंकी मोहल्ला के मकान से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मकान का गेट खोलकर देखा तो मकान मालिक हंसराज (55) का शव फांसी पर लटका था। शव में दुर्गंध आ रही थी। शव के दोनों पैरों की हड्डी दिख रही थी और मांस गायब था। आसपास के लोगों ने बताया कि कई दिनों से इस घर में कुत्ते घूम रहे थे। कुत्तों का मुंह जहां तक पहुंचा, वहां तक शव को नोच लिया। फंदे पर लटके शव के दोनों हाथों के पंजे भी कुत्तों ने नोच रखे हैं। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि शव की हालत देखकर करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट होगी।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगर: भारी जनसमूह के बीच 'आप' प्रत्याशी मुकेश गोयल ने भरा नामांकन








## ढोल- नगाड़ों, बैंड- बाजों, आम आदमी पार्टी ज़िंदाबाद के नारों से गुंजायमान रही नामांकन यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने नामांकन पत्र भर दिया है। इस मौके पर भारी संख्या में जनसमूह इस नामांकन यात्रा का साक्षी बना। आदर्श नगर विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों से सैकड़ों सम्मानित हस्तियां इस मौके पर मौजूद रही। दूर-दूर तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मुकेश गोयल के समर्थक नजर आ रहे थे। मुकेश गोयल जिंदाबाद-जिंदाबाद के नारे से पूरे क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। मुकेश गोयल ने अपनी नामांकन रैली में जो ताकत दिखाई है, उससे विरोधियों के कंपकंपाती ठंड में भी पसीने छूट रहे हैं।

**नामंकन से पूर्व मुकेश गोयल ने लिया बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद, बहन ने किया तिलक:** आम आदमी पार्टी प्रत्याशी मुकेश गोयल ने नामांकन से पूर्व विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुकेश गोयल ने इसके उपरांत घर के बड़-बुजुर्गों से जीत का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनकी बहन ने तिलक कर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।



**नामांकन के दौरान मुकेश गोयल का किया गया अभिनंदन:** मुकेश गोयल का आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों के साथ-साथ भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और जीत का आशीर्वाद दिया। इस दौरान मुकेश गोयल जिंदाबाद-जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। हर कोई मुकेश गोयल की जीत की दुआ कर रहा था। लोगों को कहना है कि मुकेश गोयल क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति वाकिफ हैं और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र का कोई विकास कर सकता है तो वो सिर्फ मुकेश गोयल ही कर सकते हैं।

**मुकेश गोयल ने किया वादा, बदल दूँगा आदर्श नगर की तस्वीर:** इस मौके पर मुकेश गोयल ने नामांकन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका प्यार देखकर मैं अभिभूत और निशब्द हूं। इस कड़कड़ाती ठंड़ में अपने घरों से निकलकर आज आप मेरी नामांकन रैली में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने आए हैं। ये आपका प्यार और आशीर्वाद ही है जो मेरी जीत सुनिश्चित कर रहा है। मुकेश गोयल ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछले 12 वर्षों में जनता से किए अपने सारे वादे पूरे किए हैं। इस बार भी पार्टी ने जो भी वादे किए हैं, उनको समयबद्ध तरीके से अमलीजामा पहनाया जाएगा और जो वादे मैं आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए किए हैं, उसको 100 प्रतिशत पूर किया जाएगा।





## विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश करने की मांग पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली हाई** कोर्ट ने दिल्ली विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने की भाजपा विधायकों की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान विधानसभा के स्पीकर और दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर रखे जाने की कोई जल्दबाजी नहीं है, वो भी तब जब विधानसभा चुनाव जल्द ही होने वाले हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि विधानसभा का कार्यकाल फरवरी में खत्म हो रहा है और ऐसे में अभी सीएजी की रिपोर्ट पेश करने से कोई सार्थक जरूरत पूरी नहीं होगी। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायकों की ओर से पेश वकील ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाया कि वो सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर रखने में देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ये और जरूरी है कि ये रिपोर्ट पेश की जाए। इस मामले में 13 जनवरी को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सीएजी रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने में देरी करने पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी। याचिकाकर्ता भाजपा विधायकों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा था कि कोर्ट स्पीकर को विधानसभा का सत्र बुलाने का निर्देश दे सकती है। तब कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में सवाल ये है कि क्या कोर्ट अपनी ओर से स्पीकर को विशेष सत्र बुलाने का निर्देश दे सकती है। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने कहा था कि हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद एक राष्ट्रीय पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस की। क्या कोर्ट इस केस में राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं हो रहा है। तब कोर्ट ने कहा था कि वो राजनीति में नहीं पड़ना चाहती है। हाई कोर्ट ने 24 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल को नोटिस जारी किया था।

याचिका में दिल्ली सरकार को सीएजी की 14 रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने का आदेश देने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट में आश्वासन देने के बावजूद एक सप्ताह बाद भी दिल्ली सरकार ने विधानसभा के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट नहीं रखी है।




**सुनवाई**

**कार्यकाल फरवरी में खत्म हो रहा है और ऐसे में अभी सीएजी की रिपोर्ट पेश करने से कोई सार्थक जरूरत पूरी नहीं होगी**

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल से पूछे चार सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह खेदपूर्ण है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दूसरों के काम पर प्रश्न खड़े करते हैं परन्तु अपनी सरकार की जनता की जवाबदेही पर भागते हैं। सचदेवा ने आज यहां एक बयान में अरविंद केजरीवाल से कहा है कि वह खूब राजनीति खेलें और कश्मीर से कन्याकुमारी तक की घटनाओं पर सवाल उठायें लेकिन उसी के साथ दिल्ली की जनता के कुछ सवालों का भी जवाब दे दें।

इस क्रम में उन्होंने कुल चार सवाल पूछे हैं, जो इस प्रकार हैं: 1. केजरीवाल बतायें कि उनके अत्यधिक सुरक्षित बंगले में जब एक महिला सांसद पर हिंसक हमला हो जाये और उससे पहले एक मुख्य सचिव से मारपीट हो जाये तो जनता किससे सवाल पूछे?



2. केजरीवाल बतायें कि दिल्ली में जब 15 बच्चों सहित लगभग 60 नागरिकों की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाये तो जनता किससे सवाल पूछे ?

3. केजरीवाल बतायें कि उन्होने मकोका में गिरफ्तार अपने अपराधी चाल चलन के विधायक नरेश बाल्यान की पत्नी को पार्टी प्रत्याशी बना कर बाल्यान को प्रोत्साहन क्यों दिया है ?

## दिल्ली यूथ कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष मनीष चौधरी आप में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम** आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में वाल्मीकि समाज के जाने-माने चेहरे सुखबीर और दिल्ली यूथ कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष मनीष चौधरी आज आआपा में शामिल हो गए। अरविंद केजरीवाल ने पटका पहनाकर दोनों का पार्टी में स्वागत किया। सुखबीर एनडीएमसी यूनियनों और उसकी सोसायटी के पदाधिकारी रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि सुखबीर से उनके व्यक्तिगत रिश्ते हैं। वह एनडीएमसी में फायर सर्विस से रिटायर होने के बाद आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। एनडीएमसी में सुखबीर ने 40 साल तक काम किया है। एनडीएमसी की यूनियनों में समय-समय पर निर्वाचित सदस्य रहे हैं। साथ ही, वह कई सालों तक वहां की सोसायटी के पदाधिकारी रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता मनीष चौधरी आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। मनीष चौधरी एनएसयूआई और दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस में उपाध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं। साथ ही नेशनल यूथ कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी भी रह चुके हैं। आआपा के कामों को देखते हुए मनीष चौधरी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में आज दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के पूर्व उपाध्यक्ष मनीष चौधरी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।



## गोयल ने प्रभाव फैक्टबुक, भारत स्टार्टअप चौलेंज लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को नई दिल्ली में स्टार्टअप इंडिया के 9वें स्थापना दिवस पर प्रभाव फैक्टबुक, भारत स्टार्टअप चैलेंज लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया मिशन की सफलता का श्रेय भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा संचालित और भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स (एफएफएस) जैसे वित्तपोषण साधनों को दिया जाना चाहिए। पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में स्टार्टअप इंडिया के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना विशेष रूप से टियर-क्क और टियर-क्कक शहरों में स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए निजी पूंजी जुटाने के लिए एक परिवर्तनकारी उपकरण की तरह काम करती है, जिससे स्टार्टअप को अपने परिचालन को बढ़ाने और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने में सशक्त बनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और अधिक निजी फंडिंग के साथ स्टार्टअप आंदोलन को गति मिलेगी। वाणिज्य मंत्री ने स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में उद्यमियों के लिए भारत स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज की शुरूआत करते हुए कहा कि भारत स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज स्टार्टअप और इनोवेटर्स को 20 बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर अक्षय ऊर्जा, एग्रीटेक, हेल्थकेयर, रोबोटिक्स, क्लीनटेक, ब्लॉकचेन, सेमीकंडक्टर, सोशल कॉमर्स आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में चुनौतियों का समाधान करने का अवसर देगा।

## दिल्ली में अगले दो दिन तक घना कोहरा छाने की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। दिल्ली** में कड़ाके की ठंड के बीच हुई बारिश से सर्दी और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार के साथ आगे भी बारिश का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिन तक सुबह और शाम को घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार रात करीब 11.30 बजे दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश शुरू हुई और रात 11.30 से सुबह 5.30 बजे के बीच 3.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं, पालम में 8.6 मिलीमीटर, पूसा में 7.5 मिलीमीटर और मयूर विहार में 4 मिलीमीटर बारिश हुई। राजधानी में अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बारिश के बाद अगले दो दिन तक दिल्ली और आसपास के राज्यों में भी दो दिन तक सुबह और शाम को घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत के कई स्थानों पर बुधवार औ गुरुवार को बारिश हुई। यह पश्चिमी विक्षोभ पूर्व की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण पहाड़ी इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 18-19 जनवरी से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है। जिसके कारण उत्तर भारत में बारिश होने की संभावना है।तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी और उत्तर-पश्चिम भारत में कोहरे की स्थिति बढ़ सकती है।



**ठंड का प्रकोप**

**18-19 से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है। जिसके कारण उत्तर भारत में बारिश होने की संभावना**

**घना कोहरा चेतावनी**

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के कई हिस्सों में 16 और 17 जनवरी को रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 16 और 17 तारीख को उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में और 16 जनवरी को पश्चिमी राजस्थान में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 18 तारीख को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में रात एवं सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

**तापमान का पूवार्नुमान**

अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। अगले 3 दिनों के दौरान गुजरात क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना

## झूठे वादे करनो वालों के सरताज हैं केजरीवाल: विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के रोहिणी विधानसभा के प्रत्याशी और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल न सिर्फ झूठे वादे करने में बल्कि धोखा देने वालों में भी सबसे आगे हैं। नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने सबसे पहला धोखा अपने गुरु अन्ना हजारे को दिया। केजरीवाल ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वो कभी चुनाव नहीं लड़ेंगे और न ही कभी राजनीतिक पार्टी बनाएंगे, लेकिन अन्ना के साथ विश्वासघात किया और पार्टी बनाकर चुनाव भी लड़ा। उन्होंने हजारों युवाओं को भी धोखा दिया जो जनआंदोलन में उनके साथ थे। उन्होंने बताया कि अन्ना हजारे को धोखा देने के बाद भी केजरीवाल नहीं रुके और कुमार विश्वास, आशुतोष, प्रशांत भूषण और योगेंद्र यादव आदि के सामने केजरीवाल ने अपनी मनमानी से ऐसी परिस्थितियां खड़ी कर दीं कि इन सभी साथियों को एक-कर पार्टी छोड़ने को विवश होना पड़ा। भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर दिल्ली की सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की नींव अब हिल चुकी है और करोड़ों का भ्रष्टाचार कर अपना शीशमहल खड़ा करने वाले अरविंद केजरीवाल समेत आआपा के सभी नेता घबराहट महसूस कर रहे हैं। इनके भ्रष्टाचार का काला सच दिल्ली की जनता के सामने आ चुका है।



# सरकार अपने खर्च से कराएगी बुजुर्गों को महाकुंभ दर्शन

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार करते हुए की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत' अब गरीब परिवार के बुजुर्गों को सरकारी खर्चे पर प्रयागराज स्थित महाकुंभ तीर्थ के दर्शन करवाए जायेंगे। योजना के तहत सरकार द्वारा प्रत्येक जिले से पात्र वरिष्ठ नागरिकों को महाकुम्भ तीर्थ दर्शन के लिए भेजा जायेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्तमान सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों को लेकर आज यहां बुलाई गई प्रशासनिक सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की।
उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत' 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के पात्र बुजुर्गों को अयोध्या में



रामलला के दर्शन करवाए गए । इस योजना में श्री माता वैष्णो देवी और शिरडी साई तीर्थ को भी शामिल किया गया है। अब योजना का दायरा बढ़ाते हुए बुजुर्गों को अयोध्या, माता वैष्णो देवी तथा शिरड़ी के अतिरिक्त प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ तीर्थ के भी दर्शन भी करवाए जायेंगे।

उन्होंने कहा की कि वर्तमान सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों के विकास के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के जनहित के एजेंडे को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

**ऐलान**

**'सिटिजन चार्टर' को गंभीरता से लागू करें अधिकारी, आढ़तिया कमीशन 55 रुपये प्रति क्विंटल किया**

**'सिटिजन चार्टर' को गंभीरता से लागू करें अधिकारी - नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों में 'सिटिजन चार्टर' पर विशेष फोकस करते हुए इसे गंभीरता से लागू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम अनाउंसमेंट पोर्टल को निरंतर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन संवाद के माध्यम से आये सभी काम या आवेदन को अधिकारी गंभीरता से लेकर उनका समाधान सुनिश्चित करें।

**सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में करें औचक निरीक्षण**
सभी प्रशासनिक सचिव अपने-अपने अधीन विभागों में औचक निरीक्षण करें ताकि जनहित के कार्यों में किसी प्रकार का कोई विलम्ब न हो। विभागों में पर्सनल हियरिंग से सम्बंधित सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें। साथ ही, अधिकारी अपने-अपने विभाग की 5 साल की लघु, मध्यम और दीर्घकालीन योजनाओं का टाइमलाइन तय करते हुए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव की तैयारियां पूरी

**तैयारी**

**पंचायत विभाग को पोलिंग पार्टियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था के लिए कहा गया है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव 19 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। इस चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त ने चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उपायुक्त ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूरी तत्परता और ईमानदारी से निभाएं। प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है। इसके लिए मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, पोलिंग पार्टियों की सही व्यवस्था और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायें। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में शामिल विभिन्न विभागों को उनके कर्तव्यों के बारे में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।
निर्वाचन अधिकारी एवं जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक और सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं नरवाना के उपमंडल अधिकारी को मतदान केंद्रों पर ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री की व्यवस्था करने, पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण और पहचान पत्र जारी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर पार्टी की तैनाती, मतदान के बाद ईवीएम को खजाना कार्यालय के डबल लॉक में सुरक्षित जमा करनाए और बिना उपयोग की गई मशीनों को वापस लाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि चुनाव वाले दिन स्कूल खुले रहें और वहां का प्रभारी उपस्थित रहें। पंचायत विभाग को पोलिंग पार्टियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था के लिए कहा गया है।
बिजली विभाग को मतदान वाले क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# दूसरे दिन नहीं लग पाया नवजात बच्ची की मां का सुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद। आदर्श** कालोनी में भयंकर ठंड में बाईक रिक्शा के नीचे पड़ी नवजात बच्ची की मां का दूसरे दिन गुरुवार को भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस मामले में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि बच्ची की कलयुगी मां का पता गाया जा सके। इसके अलावा आशा वर्करों व आंगनवाड़ी वर्करों से भी जानकारी हासिल की जा रही है। गौरतलब है कि नगर की आदर्श कॉलोनी निवासी एक महिला सीमा को घर की खिड़की से अल सुबह एक बच्ची की रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज को सुन कर सीमा बाहर आई तो उसने देखा कि गली में खड़ी एक रिक्शा बाइक के नीचे कपड़े में लिपटी खून से लथपथ एक बच्ची रो रही है और उसके चारों ओर कुत्ते मंडरा रहे थे। बच्ची का रो रोकर बुरा हाल था। महिला ने इंसानियत दिखाते हुए तत्काल लड़की को वहां से उठाया और अपने घर पर लेकर आई। उसने उसके कपड़े बदले तथा उसे दूध पिलाकर शांत करवाया। उसके बाद उसने इसकी सूचना सफीदों पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाकर नवजात बच्ची को सफीदों के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां से उसे एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। उसके बाद सफीदों पहुंची जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता व उनकी टीम उस बच्ची को अपने साथ जींद ले गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि अभी तक बच्ची की मां का कुछ भी अता पता नहीं चल पाया है। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में लगी हुई हैं।

**जांच जारी**

**पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि बच्ची की कलयुगी मां का पता लगाया जा सके**

**बच्ची को डिस्चार्ज के बाद भेजा जाएगा स्टेट एडॉप्शन एजेंसी : कांता**
महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कांता यादव ने बताया कि सफीदों के वार्ड नम्बर 14 की आदर्श कॉलोनी में नवजात बच्ची किसी व्यक्ति को लावारिस हालात में मिली थी।
जिसने उसे सफीदों के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया था। इस आशय की सूचना पुलिस विभाग द्वारा महिला बाल संरक्षण इकाई को दी गई।

# हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**काबू**

**दो नामजद आरोपियों पुनीत उर्फ पतलू और आशीष उर्फ मोटू को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** डोगरान मोहल्ला चौकी पुलिस ने दीपक हत्या मामले में तीसरे आरोपी विजय नगर निवासी अमित उर्फ काली को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले दो नामजद आरोपियों पुनीत उर्फ पतलू और आशीष उर्फ मोटू को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक



कुलदीप ने गुरुवार का बताया कि उक्त आरोपी अमित उर्फ काली मोहल्ला डोगरान निवासी दीपक की हत्या वारदात के षड्यंत्र में शामिल था। पुलिस द्वारा इस मामले में दो मुख्य नामजद आरोपियों पुनीत उर्फ पतलू और आशीष उर्फ मोटू को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार 13 नवंबर को मोहल्ला डोगरान निवासी आशा रानी में उसके बेटे दीपक की चाकू से वार कर हत्या करने के बारे दो नामजद आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी थी। उसने बताया कि 13 नवंबर को वो और उसका बेटा घर में सोए हुए थे कि रात एक बजे पुनीत उर्फ पतलू व आशीष उर्फ मोटू आए और दीपक से बात करने को लेकर जोर जोर से दरवाजा खटखटाया। वे जबरदस्ती दरवाजा खोल अन्दर आ गये।
पुनीत उर्फ पतलू ने मुझे पकड लिया मैने शोर मचाया तो मेरा लडका दीपक उठा और मुझे बचाने लगा तो पुनीत उर्फ पतलू ने मुझे छोडकर दीपक को पकड लिया। आशीष उर्फ मोटू ने मेरे लडके दीपक पर चाकुओं से वार किए। दीपक चाकू लगने के कारण ज्यादा खून बहने से नीचे गिर गया। मैने गली मे आकर शोर मचाया तो देखा कि ये दोनों भाई स्कूटी पर बैठकर भाग गये।

# भाई बनकर महिला को लगाई एक लाख रुपये की चपत

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर।** एक शातिर युवक ने भाई बनकर एक महिला को एक लाख रुपये की चपत लगा दी। महिला ने साइबर थाना में गुरुवार को शिकायत देकर रुपयों की बरामदगी व आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। वारदात दिल्ली निवासी अंजू के साथ हुई है। अंजू ने बताया कि 12 जनवरी को वह अपनी मां के पास मिशन अस्पताल बहादुरगढ़ में आई हुई थी। करीब 2 बजे उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि पहचानो मैं कौन हूं। उसे उसकी आवाज अपने भाई जैसी लगी तो उसने कहा कि आप भाई बोल रहे है ना। उसने कहा कि हां मैं आपका भाई प्रियव्रत बोल रहा हूं। फिर उसने कहा कि मेरे पेटीएम में दिक्कत आ रखी है। मैं आपके पास 25 हजार रुपये डलवा देता हूं आप मेरे पास थोड़ी देर में वापिस डाल देना। उसने हां कर दी। उसने मेरे पास एक पेटीएम पर 25 हजार का मैसेज भेज दिया और कहा कि आपको पेटीएम वॉलेट दिख रहा है उसने हां कर दी। उसने कहा कि आप इस पर क्लिक कर दो। उसके कहे अनुसार उसने अपने पेटीएम का पासवर्ड डाल दिया और उसके कहे अनुसार क्लिक करती चली गई।

# कैथल में महिला एएसआई की महिला आयोग से गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल। महिलाओं पर** हो रहे अत्याचार सहने में महिला पुलिसकर्मी भी पीछे नहीं रहे। गुरुवार को जिला परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस की एक महिला एएसआई भी राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया के सामने पहुंची और अपना दर्द बयान किया। शिकायतों की सुनवाई करने के दौरान रेनू भाटिया के आगे पहुंची? हरियाणा पुलिस की महिला एएसआई ने अपने अधिकारों की रक्षा करने की गुहार लगाई और कहा कि वह अपने



हाथों की रक्षा करने के लिए यहां तक पहुंची है। महिला पुलिसकर्मी ने कहा कि वह अपनी आठ साल की बेटी के साथ दर-दर भटकने को मजबूर है। उसका पति दूसरी महिला से शादी कर विदेश चला गया है और वह अपनी छोटी सी बेटी के साथ अकेली रह गई है। पति की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों और पारिवारिक विवादों के चलते वह बेहद मुश्किल हालातों का सामना कर रही है।महिला ने आरोप लगाया कि जब उसने अपनी समस्याएं विभाग में उठानी चाही, तो डीएसपी ने उसे धमकी दी। महिला का कहना है कि डीएसपी ने कहा कि अगर ज्यादा बोली, तो तेरी नौकरी खा जाऊंगा। थक-हारकर उसने राज्य महिला आयोग का रुख किया है। रेनू भाटिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला के पति को विदेश से डिपोर्ट करने के आदेश दिए हैं।

# ड्रग मामलों में सजा दर 49 से बढ़कर 54 फीसदी हुई

**कार्रवाई**

**वर्ष-2024 में पुलिस द्वारा 25 नशा तस्करों की लगभग 7 करोड़ 4 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के गठजोड़ को तोड़ते हुए अब तक 108 नशा तस्करों व उनके रिश्तेदारों के नाम 52 करोड़ 72 लाख रुपए की संपत्ति सीज की गई है और 111 अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया है। वर्ष-2024 में हरियाणा पुलिस द्वारा 25 नशा तस्करों की लगभग 7 करोड़ 4 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई थी जबकि वर्ष-2023 में 16 नशा तस्करों की लगभग 13 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की गई है। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पीआईटी एनडीपीएस के तहत 63 नशा तस्करों को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। इसके अतिरिक्त एनडीपीएस एक्ट के मामलों में सजा दर वर्ष 2023 में 49 प्रतिशत थी जो अब वर्ष-2024 में बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई है।
इससे न्यायिक प्रणाली में लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि नशामुक्त हरियाणा अभियान प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। प्रदेश में अब तक लगभग 40 प्रतिशत से अधिक गांवों को नशामुक्त घोषित किया जा चुका है।



### पुनर्वास और इलाज की दिशा में प्रयास, राज्य में चल रहे है 104 नशा मुक्ति केंद्र

**हरियाणा** एचएसएनसीबी प्रमुख महानिदेशक ओ पी सिंह ने बताया कि नशे की लत केवल कानून संबंधी समस्या नहीं है, बल्कि एक मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का मुद्दा भी है। वर्तमान में राज्य में 104 नशा मुक्ति केंद्रों में पीड़ित व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है। इसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। पिछले वर्ष हरियाणा एचएसएनसीबी कि जिला टीम द्वारा 65 बार विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी नशा केंद्रों की जांच की गई। वहीं जिला पुलिस द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए दवा विक्रेताओं तथा मैडिकल एसोसिएशनों की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दवा विक्रेताओं के साथ नियमित तौर पर बैठकें की जाती है और उन्हें जागरूक किया जाता है कि वे किसी भी व्यक्ति को डॉक्टर की अधिकृत पर्ची के बिना दवाई ना दें। यह गैर कानूनी है और इससे लोगों को नशे की दवाईयां आसानी से मिल जाती हैं।

# झज्जर जिला में दूसरा फुटवियर पार्क विकसित किया जाएगा: प्रदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर। प्रदेश** सरकार द्वारा जिले में एक और फुटवियर पार्क स्थापित करने की मांग पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए जिला प्रशासन द्वारा जमीन तलाशी जा रही है। फुटवियर पार्क बनने से रोजगार के नए अवसर खुलेंगे व क्षेत्र के विकास को नए आयाम मिलेंगे। जिला में पहले से भी एक फुटवियर पार्क चल रहा है जिसमें 350 से अधिक फुटवियर उद्योग हैं। इन उद्योगों में 2 लाख से अधिक लोग काम करते हैं। यह जानकारी गुरुवार को उपायुक्त प्रदीप दहिया ने प्रेस वार्ता में दी। डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार




समाधान शिविर, जन संवाद पोर्टल व सीएम विंडो की शिकायतों को लेकर बेहद गंभीर है। जिला प्रशासन द्वारा इन पोर्टल पर आने वाले शिकायतों का तय समय में निपटारा किया जा रहा है। इसके अलावा जिले में नियमित रूप से प्रत्येक कार्य दिवस समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है व लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। जिला के ग्रामीण व शहरी विकास से जुड़ी योजनाओं पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है। सीएम-अनाउंसमेंट के कार्यों की फिजिबिलिटी को चेक करवाते हुए अविलंब रिपोर्ट संबंधित विभागों द्वारा भेजी जा रही है ताकि जिन कार्यों में फिजिबिलिटी है वहां यथाशीघ्र कार्य शुरू करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि सीएम-अनाउंसमेंट के कार्यों की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश कुमार व सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मनप्रीत सिंह भी उपस्थित रहे।
डीसी ने कहा कि मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल किसानों के लिए शुरू किया गया है। इसका किसानों को काफी लाभ है। उन्होंने किसानों से इस पोर्टल पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद ही किसान अनाज मंडी में अपनी फसल को बेच सकता है।

**प्रक्रिया**

**जिला में पहले से भी एक फुटवियर पार्क चल रहा है जिसमें 350 से अधिक फुटवियर उद्योग हैं**

# उपायुक्त ने बनचारी गांव से शुरू किया रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने बुधवार से बनचारी गांव से रात्रि ठहराव कार्यक्रमों की शुरूआत की, जिसमें पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन ने भी प्रमुखता से हिस्सा लिया। इस दौरान करीब 90 शिकायतें प्रस्तुत की गई, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यह बेहतरीन व्यवस्था की है, जिसके तहत पुलिस व प्रशासन के साथ विभागीय अधिकारी-कर्मचारी स्वयं ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लोगों के घर द्वार पर जाकर ही उनकी समस्याओं की सुनवाई कर समाधान करवाया जा रहा है। ग्रामीणों को इसका पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। रात्रि ठहराव से जमीनी स्तर पर समस्याओं की जानकारी व वास्तविक स्थिति का पता चलता है। इससे ग्रामीणों व अधिकारियों के बीच की दूरी खत्म होगी। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के साथ उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाना चाहिए। गैरहाजिर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देशरात्रि ठहराव कार्यक्रम में नदारद रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कड़ा संज्ञान लिया।

**निवारण**

**90 शिकायतें प्रस्तुत की गई, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया**

# एसपी ने विधायक का नहीं उठाया था फोन, कमेटी लेगी संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल। गुहला के** विधायक देवेंद्र हंस का फोन ना उठाने के मामले में विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कड़ा संज्ञान लिया है। हरविन्द्र कल्याण ने यह पूरा मामला विधानसभा की प्रोटोकॉल मानदंडों का उल्लंघन (वॉयलेशन ऑफ प्रोटोकॉल नॉर्म्स) कमेटी के चेयरमैन के पास भेज दिया है। अब कैथल के एसपी राजेश कालिया को प्रोटोकॉल उल्लंघन के मामले में विधानसभा की इस पावरफुल कमेटी का सामना करना होगा। देवेंद्र हंस ने विधानसभा अध्यक्ष को एसपी राजेश कालिया की लिखित शिकायत दी है।स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने जिस तरह से देवेंद्र हंस की शिकायत पर कड़ा नोटिस लिया है। उससे स्पष्ट है कि



वे अधिकारियों द्वारा प्रोटोकॉल उल्लंघन के मामलों को हल्के में नहीं लेंगे। सीएमओ की ओर से दिए गए निदेर्शों में अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि अगर वे किसी कारण से जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठा पाते तो वे बैक-कॉल करें। देवेंद्र हंस ने स्पीकर को की गई शिकायत में कहा है कि 2 व 3 जनवरी को उन्होंने बीस से भी अधिक बार कैथल एसपी राजेश कालिया को फोन किया। एसपी ने न तो फोन उठाया और न ही उनकी ओर से बैक-कॉल की गई।

**विधायक नहीं आम आदमी का फोन भी उठाना चाहिए एसपी को**
गुहला के विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि उन्होंने एक जनप्रतिनिधि होने के नाते एसपी राजेश कालिया के सरकारी नंबर पर फोन किया था, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। एसपी के पास सरकारी नंबर है। उनको जनप्रति निधि ही नहीं आम आदमी का फोन भी उठाना चाहिए। किसी को भी कोई संकट हो सकता है। एक दिन फोन करने के बाद उन्होंने अगले दिन भी सपा को फोन किया, लेकिन उन्होंने फिर भी फोन नहीं उठाया। उन्होंने इसके बाद एसपी के रीडर से फोन पर बात की। रीडर में बताया कि साहब अंदर बैठे हैं। उन्होंने दोबारा जब लैंडलाइन पर फोन किया तो उन्हें बताया गया कि एसपी साहब मीटिंग में है। अधिकारी निरंकुश हो गए हैं जो जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम जनता की भावनाओं का भी निरादर कर रहे हैं। उन्होंने मजबूरन विधानसभा की हाई पावर कमेटी के पास लिखित में शिकायतदेनी पड़ी है। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी शिकायत पर संज्ञान लिया है। इसके बाद देखते हैं कि आगे क्या कार्रवाई हो।

**उल्लंघन**

**एसपी कालिया को प्रोटोकॉल उल्लंघन के मामले में विधानसभा की इस पावरफुल कमेटी का सामना करना होगा**

# सनपेड़ा रोड पर राइस मिल व अन्य कंपनी के बाहर ट्रकों की अवैध पार्किंग को रोष व्यक्त कर समाधान की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । जीटी रोड** से सनपेड़ा गांव की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर बने राइस मिल व अन्य कंपनी के मालिक की मनमानी के चलते ट्रकों की अवैध पार्किंग के कारण बेहद परेशान हैं । ट्रक चालकों , राइस मिल मिलों व अन्य कंपनी मालिकों की मनमानी से परेशान होकर सनपेड़ा गांव के ग्रामीणों ने गांव के सरपंच के नेतृत्व में रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से अवैध पार्किंग करने वाले ट्रक व कंपनी का सामान लेकर आने वाले वाहनों को कंपनी की बजाय रोड पर पार्किंग करवाने वाले फैक्ट्री संचालकों, राइस मिल मालिकों के खिलाफ



कार्रवाई की मांग की । मिल व कंपनी में सामान लेकर आने वाले ट्रक चालक सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग व अतिक्रमणकारियों से आम लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सनपेड़ा गांव के ग्रामीण सुनील ढाका, अमित, सुरेश, संदीप, विकास ने बताया कि प्रतिदिन हमारे गांव को जाने वाली सड़क पर सबसे ज्यादा राइस मिल के आगे धान से भरे ट्रैक्टर की, व अन्य कंपनियों के आगे भी सुबह से लेकर शाम तक कई बार तो जाम में लोगों को बहुत ही परेशानी झेलनी पड़ती है । ऐसे में अतिक्रमण की भारी समस्या से जूझ रहा है। अवैध पार्किंग के कारण अतिक्रमण का बढ़ता दायरा सड़क जाम को बढ़ाता चला जा रहा है। अवैध तरीके से खड़े किए गए वाहन हर दिन कई बार जाम की समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। बेतरतीब खड़े किए जा रहे वाहन परेशानी का कारण बनते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रही सही कसर सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार ने पूरी कर दी है । ठेकेदार द्वारा बहुत ही धीमी गति से सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीटी रोड से गांव की तरफ काफी दूरी तक पत्थर डालने के बाद सड़क को कई महीने से पत्थर डालकर ही छोड़ दिया है । इससे लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द सड़क पर खड़े होने वाले ट्रक को की अवैध पार्किंग और जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाई जाए। इसके साथ ही कंपनी मलिक को भी नोटिस दिया जाए कि जिस भी राइस मिल के बाहर ट्रक खड़े मिले और लोगों को परेशानी हुई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

# दिव्यांगजनों में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई । रेणु विद्या मंदिर में** शिक्षा और व्यावसायिक पुनर्वास प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त प्रयास से मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. आकांक्षा , डॉ. नितिन (ऑडियोलॉजिस्ट) और मंगल ने कैंप में सक्रिय भागीदारी निभाई। डॉ. सोनू और डॉ. मुकेश कुमारी ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच करवाई। संस्था के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने बताया कि रेणु विद्या मंदिर में आयोजित मेडिकल असेसमेंट कैंप हमारे समाज के दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। हमारी संस्था का उद्देश्य हमेशा से ही समाज के उन वर्गों की सेवा करना रहा है, जिन्हें




हमारी सहायता और समर्थन की सबसे अधिक आवश्यकता है । कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने कहा कि हमारे समाज के दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेणु विद्या मंदिर में ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में समावेशिता और सहानुभूति की भावना को भी मजबूत करना है। डॉ. रजेश सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर) ने सभी का आभार व्यक्त किया। रेणु विद्या मंदिर की पूरी टीम ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए सफल बनाया। कैंप विशेष रूप से दिव्यांगजनों की भलाई के लिए आयोजित किया गया।

# सर्वसम्मति से सुमित रावल जलमाना बने बापौली भाजपा मंडल अध्यक्ष

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**समालखा विधानसभा** क्षेत्र के बापौली भाजपा मंडल अध्यक्ष सर्वसम्मति से सुमित रावल जलमाना को बनाया है। भाजपा संगठन की समालखा विधानसभा चुनाव प्रभारी सुनिता गोयल ने सुमित रावल जलमाना की भाजपा बापौली मंडल अध्यक्ष की विधिवत घोषणा की है। भाजपा पार्टी की बैठक में सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष का चयन किया गया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुमित रावल जलमाना ने शीर्ष भाजपा नेताओं का आभार प्रकट किया। मंडल के भाजपा अध्यक्ष सुमित रावल जलमाना की राजनीति में सक्रियता के साथ-साथ संगठनात्मक क्षमताओं ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। सामाजिक कार्यों और जनसेवा में उनकी भागीदारी ने क्षेत्रीय जनता के बीच उन्हें एक लोकप्रिय चेहरा बनाया है। इस मौके पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष शिवकुमार रावल,सोनू,सोहनलाल,रविन्द्र,बिट्टू, प्रेम सिंह,मा.जगेश्वर आदि अनेक मौजूद थें। बापौली भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित रावल जलमाना ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने और बूथ स्तर तक पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर देंगे।

# गुरुघरों की गोलकों पर कब्जा करने वालों से रहें सावधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल । एचएसजीपीसी** के लिए हो रहे चुनावों में तेजी आ रही है। पूरे प्रदेश में चालीस वार्डों से 250 प्रत्याशी मैदान में हैं। करनाल नीसिंग वार्ड में भी मुकाबला प्रतिष्ठापूर्ण बना हुआ है। इस चुनावों में मुद्दा पंजाब के एजेंटों द्वारा हरियाणा के एचएसजीपीसी पर फिर से पिछले दरवाजे से कब्जा करने का बना हुआ है। यहां से चुनाव लड़ रहे डबरी गांव के पूर्व सरपंच गुरनाम लाडी ने कहा कि एचएसजीपीसी को गुरु घरों की सेवा करने वालों की जरूरत है। इस समय मतदाताओं को पंजाब के एजेंटों तथा गुरु घरों की गोलकों पर कब्जा करने की नीयत से



चुनाव लड़ ? वालों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा संगत की एकता के लिए बनाए एकता दल ने पंजाब के अकाली दल से गठबंधन कर लिया है। इनके माध्यम से पंजाब के सियासतदार हरियाणा की वखरी कमेटी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमाम कुर्बानियों के बाद हरियाणा को वखरी कमेटी मिली। वह निस्वार्थ भाव से गुरुघर की सेवा करने के लिए मैदान में आए हैं। डबरी गांव की सेवा इसका उदाहरण है। नाविवादाद गुरुद्वारे की सेवा जिस तरह से उन्होंने की, यह एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि उन्होंने डबरी गांव को देश का नंबर वन गांव बनाया। यदि उन्हें अवसर मिला तो वह अपने क्षेत्र के गुरुद्वारों को देश का नंबर बन बना देंगे। उनका मकसद युवाओं को धार्मिक संस्कार, रोजगार के साथ गुरुद्वारों से स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करना है। उन्होंने बताया कि नानकसर वाले बाबा जोगा सिंह ने उनको अपना आशीर्वाद दिया है। उनके समर्थन में बाबा जोगा सिंह ने कहा कि गुरुनाम सिंह लाडी एक नेक इंसान हैं। उसे सेवा का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर रंजीत सिंह डाचर, मालिक सिंह संधू, दविंदर सिंह बहोल, शेर सिंह डबरी, जोधा सिंह डबरी, इंद्रजीत सिंह, मालिक सिंह, संदीप सिंह, बूटा सिंह बालू, गुलाब सिंह बालू

## न्यूज फ्लैश

### जिम से इन्वर्टर-बैटरी चोरी कर लगाई आग

**गन्नौर । सांदल कला गांव में जिम से इन्वर्टर-बैटरी** चोरी करने के बाद जिम में आग लगा दी। आग लगने से जिम की कई मशीनें जल गई। पीड़ित जिम संचालक ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में



शिकायत में सांदल कला गांव के वकील ने बताया कि वह 14 जनवरी की शाम को जिम बंद कर घर चला गया। अगली सुबह जब उसके पिता ने जिम खोली तो उसमें आग लगने से काफी सामान जला हुआ मिला। इसके बाद वह भी जिम पहुंचा तो जिम से इन्वर्टर-बैटरी भी चोरी हुई मिली। जिस कारण उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति जिम से इन्वर्टर बैटरी चुराने के बाद उसकी वहां आग लगा कर फरार हो गया। बड़ी थाना पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल को राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण बोर्ड की मान्यता

**राई । स्वर्णप्रस्थ पब्लिक** स्कूल ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण बोर्ड की मान्यता मिली है । प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि मान्यता स्कूल को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रति समर्पण का प्रमाण है। अपने विद्यार्थियों के प्रति सर्वथा सजग एवं प्रदत्त मानक के अनुरूप कार्य करने में अग्रणी विद्यालय की सजगता का प्रमाण है। साथ ही यह उपलब्धि स्वर्णप्रस्थ के शिक्षा इतिहास में मिल का पत्थर है। विद्यालय को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के अतिरिक्त छात्र हित, आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, एवं खेल- कूद के विविध विकल्पों एवं उनके उचित क्रियान्वयन के आधार पर विद्यालय को ये ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। इस मौके पर प्रबंध कमेटी केपदाधिकारियों के अलावा मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक, अवधेश पालीवाल, बरसर ओ.पी.कुमार वह सभी शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की और निकट भविष्य और अधिक सजगता के साथ सक्रिय रहने का प्रण लिया।

### जाम की समस्या को हल करने के लिए यातायात पुलिस ने निकाला मार्च

**गन्नौर ।** गन्नौर यातायात पुलिस ने शहर में जाम की समस्या को हल करने के लिए शहर में मार्च निकाला। जीटी रोड ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज उप निरीक्षक शमशेर सिंह ने पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन से देवीलाल



चौक तक मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों और रेहड़ियों के संचालकों व गलत तरीके से सड़क पर वाहनों को खड़ा करने वालों को चेतावनी दी कि नगर पालिका द्वारा निर्धारित पीली पट्टी से बाहर किसी भी वाहन या रेहड़ी के पाए जाने पर चालान किया जाएगा। व्यापार मंडल गन्नौर ने इस कार्रवाई की सराहना की। व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन व उपप्रधान संदीप सिंघल ने कहा कि जाम के कारण दुकानदारों के व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। रोड खुला रहने से ग्राहक दुकानों में आसानी से आ सकेंगे। चौकी प्रभारी शमशेर सिंह ने दुकानदारों से अपील की कि वे अपने दुकानों के बाहर रेहड़ियों को खड़ा न होने दें, जिससे शहर को जाम मुक्त बनाया जा सके।

### सूर्य नमस्कार का जीवन में विशेष महत्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल । सूर्य नमस्कार** अभियान के अंतर्गत मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा प्रातः बरसात के बावजूद भी सभी कक्षा में योगाभ्यास किया गया। बरसात में भी पूरे जोश और उत्साह के साथ योगाभ्यास किया गया। मुख्य शिक्षक दिनेश गुलाटी के निर्देशन में सभी ने मिलकर श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। उन्होंने सूर्य नमस्कार की बारिकियों से अवगत कराया।

# महाकुंभ में स्नान कर कमायें पुण्य, अवसर का उठायें लाभ-विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई । राई हलका विधायक** एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने हलके के लोगों की समस्याओं को सुनवाई करते हुए मौके पर ही संबंधित लोगों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ स्नान के लिए भी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस पुनीत अवसर का पूर्ण लाभ उठायें। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि उनके कैंप कार्यालय में बिजली, पानी, सड़क, पैंशन, सफाई व्यवस्था इत्यादि से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जा रहा है। विधायक ने संबंधित अधिकारियों



को मौके पर ही निर्देश दिए कि समयबद्धता के साथ हर समस्या का समाधान करवायें। हर समस्या का निपटान किया जाए। विधायक कृष्णा गहलावत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महाकुंभ स्नान अत्यधिक लाभकारी होता है। यह पुण्य कमाने का अवसर है। लोगों को महाकुंभ का इंतजार रहता है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे महाकुंभ में स्नान अवश्य करें। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ में बेहतरीन सुविधाएं

**समाधान**

**अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि समयबद्धता के साथ हर समस्या का समाधान करवायें**

देते हुए भव्य आयोजन किया है। इस सुअवसर का लाभ उठाते हुए महाकुंभ स्नान करें। इस अवसर पर विनोद खत्री, जयराम शर्मा, पूर्व सरपंच नीटू, लक्ष्य बारोटा, पूर्व सरपंच रणबीर, गौरव पतला, आनंद, टोनी, डा. विनोद बिंदरौली, अनिल सेरसा, दीपक मुकीमपुर, तेज सिंह, नरेंद्र वर्मा खेवड़ा, तेज सिंह आदि गणमान्य

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: बेगा गांव में** सरकारी अस्पताल के निकट एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में साईकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसने गन्नौर अदालत में इस्तगासा दायर किया। सुनवाई करते हुए अदालत ने थाना गन्नौर पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। जिस पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। शिकायत में बेगा गांव के तयूब ने बताया कि 30 सितंबर 2024 को उसके पिता मांगा साइकिल पर अपनी दवा लेने बेगा के सरकार अस्पताल जा रहे थे। सरकारी अस्पताल के निकट एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्होंने अपने पिता को गन्नौर उपमंडल अस्पताल में दाखिल करवाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसके पिता को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसके पिता की 7 अक्टूबर को मौत हो गई। आरोप है कि थाना गन्नौर में शिकायत देने पर केस दर्ज नहीं किया गया।

# इंद्री क्षेत्र के लिए आत्म मनोहर मुनि अस्पताल लाइफ लाइन बना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल । इंद्री रोड पर** स्थित भगवान घंटाकर्ण देव के तीर्थ स्थान के पास श्री आत्म मनोहर मुनि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित भगवान आत्म मनोहर चैरिटेबल अस्पताल परिसर में जन्द ही प्राकृत चिकित्सा अस्पताल बनाया जाएगा। इस परिसर का विस्तार किया जाएगा। यह अस्पताल इन दिनों इंद्री तथा आसपास के इलाकों के साथ करनाल के लिए लाइफ लाइन बना हुआ है, जहां पर ग्रामीण क्षेत्र में हजारों लोग इस अस्पताल का फायदा उठा रहे हैं। अब तक दो साल में लाखों लोग इस अस्पताल का फायदा उठा चुके हैं। ट्रस्ट के प्रमुख मार्गदर्शक जैन मुनि उप प्रवर्तक पीयूष मुनि जी बताया कि इस अस्पताल में नैत्र चिकित्सा, आर्थोपैडिक, मैडीसन दंत रोग, ई एंड टी, ज्वाइंट रिप्लेसमैंट बाल रोग के साथ सर्जरी विभाग के साथ सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड जैसे संकाय हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर लगभग 58 डाक्टरों तथा पैरा मैडीकल स्टाफ है। इस अस्पताल को आवासीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर नौ प्रोफेट नो लोस के आधार पर सेवाएं दी जा रही है। यहां पर उपचार के साथ दुआ भी लोगों को मिलती है। उन्होंने कुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि यह संयोग 144 सालों बाद हुआ है।

# नई पीढ़ी में संस्कार की भावना विकसित करना परिषद का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । खेड़ी रोड स्थित** बी आर ग्लोबल विद्यालय में भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा संस्कृति माह प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा और कौशल को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करना था । परिषद के प्रांतीय संयोजक प्रवीण सिंघल,पीयूष जैन,सचिव करुण देव सिंह, रवींद्र रोहिल्ला का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल के अध्यक्ष राकेश यादव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । मंच संचालन का मंजू शर्मा, मोनिका गुजराल ने किया । शाखा द्वारा संस्कृति माह



प्रतियोगिता के विभिन्न विद्यालयों के चयनित प्रतिभागियों एवं शिक्षकगण को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । बी आर ग्लोबल स्कूल की शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, प्रधानाचार्य यशपाल ने स्वागत किया। स्कूल के निदेशक राकेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा गरीब, अशिक्षित पीड़ित मानवता की सेवा करने में जुटा हुआ है। नई पीढ़ी में सेवा, संस्कार की भावना विकसित हो, देश में भारतीय संस्कृति को संवर्धन प्रदान करने के उद्देश्य से परिवार संस्कार, गुरु वंदन, भारत को जानो आदि कार्यक्रम करती है।

**सेवा**

**भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा गरीब, अशिक्षित पीड़ित मानवता की सेवा करने में जुटा हुआ है**

परिषद का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रबुद्ध संभ्रांत एवं बुद्धिजीवी वर्ग को संगठित करके उन्हें देश की निर्धन, दिव्यांग एवं निरक्षर वर्ग की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानाचार्य यशपाल ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी संस्कृति एवं भाषा के साथ जोड़ने का अच्छा प्रयास हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ देश मजबूत : हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल । हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत आज घरौंडा हलका के दस गांवों का दौरा किया। लोगों की समस्याएं सुनीं और विधानसभा चुनाव में तीसरी बार विजयी बनाने के लिये लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा ने काफी प्रगति की है। अब लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जनहित की



योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब सत्ता का मतलब चौधर होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। सरकार सत्ता को सेवा मानकर काम कर रही है। हरविंद्र कल्याण ने आज गांव अमृतपुर कलां, अमृतपुर खुर्द, मंगलौरा, दिलावरा, ढाकवाला रोडान, ढाकवाला गुजरान, मुस्तफाबाद, जम्मूखाला, चुंडीपुर और मोहिदीनपुर का धन्यवादी दौरा किया। ग्रामीणों की समस्याएं सुन संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिये। उन्होंने ढाकवाला गुजरान में एससी वर्ग की दो चौपालों उद्घाटन किया। इन पर 32 लाख की लागत आई है। इसी गांव में 9 लाख 47 हजार की लागत से बनने वाली फिरनी के कार्य का शिलान्यास किया। गांव मुस्तफाबाद में 15 लाख 11 हजार की लागत से बनने वाली फिरनी का भी शिलान्यास किया। गांव जम्मूखाला में दसवीं में स्कूल में अव्वल रही छात्रा नेहा और नीतू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**विकास कार्यों की पिछली कसर निकालने का वादा**

स्पीकर ने कहा कि पिछली बार कोरोना के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए थे। इस बार न केवल पिछली कमी को पूरा किया जायेगा, बल्कि नए कार्यों को भी प्राथमिकता अनुसार पूरा कराया जायेगा। श्री कल्याण ने कहा कि दस सालों में हलके में स्कूल अपग्रेड, सड़कों, पुलों, आईटीआई, चीनी मिल की स्थापना, मेरठ रोड का चौड़ाकरण, लड़कियों का कालेज, बस अड्डा जैसे अनेक विकास कार्य हुए हैं। मेडिकल यूनिवर्सिटी इस साल शुरू हो जाएगी। एनएसएसी अकादमी दो साल के भीतर और रिंग रोड का कार्य एक साल में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का पूरा प्रयास है कि जनहित की योजनाओं का पूरा लाभ लोगों को मिले। कई सेवाओं के ऑनलाइन होने से लोगों को घर बैठे ही योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। पोर्टल बनने से दो नंबर के काम बंद हो गये हैं।

# पैंशनधारकों के वेरिफिकेशन कैंप में अव्यवस्था का आलम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । प्रशासन के** आदेश में पैंशनधारकों की वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। वीरवार को वार्ड 8 व 9 के पैंशनधारकों के वेरिफिकेशन के लिए वार्ड 8 स्थित श्याम मंदिर में कैंप लगाया गया, लेकिन कैंप में अव्यवस्थाओं के चलते पैंशनधारकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। वेरिफिकेशन के लिए साइट रुक रुक कर चली जिस कारण पूरे दिन दोनों वार्डों के पैंशनधारकों की भीड़ लगी रही। जानकारी के अभाव में दूसरे वार्डों के पैंशनधारक भी कैंप में पहुंचे,



जिससे हालात और बिगड़ गए। वार्ड पार्षद विकास का आरोप है कि वीरवार को पूरे दिन में लगभग 20 ही पैंशनधारक वैरिफाई हो पाए। ऐसे में जिन पैंशनधारकों को वेरिफाई नहीं किया गया, अब उन्हें भटकना पड़ेगा, क्योंकि पैंशन वेरिफाई न होने की स्थिति में उनकी पैंशन कटने का भी डर है। इस दौरान दिव्यांग व बुजुर्ग पैंशनधारकों ने अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की।

## संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में रेल सेवा का विस्तार

**भारत का** मुकुट कहा जाने वाला जम्मू-कश्मीर महत्वपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश है। इसकी सीमाएं एक ओर पाकिस्तान के साथ लगी हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा कहा जाता है, वहीं दूसरी ओर भारतीय सीमा चीन के साथ लगी है। यह सारी सीमाएं अक्सर अशांत रहती हैं। एक ओर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादियों की घुसपैठ करवाता है तो चीन भी सीमा को लेकर नए-नए विवाद पैदा करता रहा है। सीमा के अधिकांश क्षेत्र पहाड़ी व दुर्गम हैं तथा वहां तैनात सैनिकों तथा सुरक्षाकर्मियों तक युद्ध सामग्री तथा अन्य सामान पहुंचना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार इस राज्य में रेल सेवाओं का विस्तार करना चाहती है, जिससे सैनिकों के आने-जाने में आसानी रहे तथा उन तक पर्याप्त मात्रा में आसानी से सामान की पहुंच हो सके। जम्मू से श्रीनगर जाने का राष्ट्रीय राजमार्ग वर्षा व बर्फबारी के कारण अक्सर बंद हो जाता है तथा कई-कई दिनों तक बंद रहता है। वहीं, श्रीनगर-लेह मार्ग पहले प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को बंद कर दिया जाता था तथा 15 जून को खुलता था। परंतु अब सरकार सड़कों की ओर ध्यान दे रही है तथा उसका उद्देश्य लेह तक रेल लाइन पहुंचने का है ताकि पूरा वर्ष लेह-लद्दाख देश के अन्य भागों से जुड़ा रह सके। इसी सिलसिले में कटरा-श्रीनगर रेलमार्ग बनकर तैयार हो गया है तथा इसी माह यह सेवा प्रारंभ होने की संभावना है। जब श्रीनगर तक रेल सेवा प्रारंभ होगी तो पर्यटकों की संख्या में भी भारी वृद्धि होगी तथा नए-नए उद्योग स्थापित होंगे, जिससे वहां विकास की गति तेज होगी तथा रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस समय जम्मू रेलवे स्टेशन के विस्तार का कार्य चल रहा है। पटरियों की इंटरलॉकिंग की जा रही है। यह कार्य 15 मार्च तक समाप्त होने की संभावना है। उसके उपरांत ही श्रीनगर व देश के अन्य भागों तक रेल सेवा का विस्तार होगा। कटरा-श्रीनगर रेल लाइन की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। सीआरएस सेफ्टी कमिश्नर द्वारा 7 व 8 जनवरी को 2 दिन के लिए वहां 110 किलोमीटर की स्पीड से रेलगाड़ी चलाकर इसका हर प्रकार से निरीक्षण किया तथा सभी मापदंड सही पाए गए। अब इस रेलखंड का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 जनवरी के आसपास किए जाने की संभावना है। इससे कश्मीर देश के सभी भागों के साथ रेल से जुड़ जाएगा। अभी कश्मीर घाटी में भारी हिमपात हो रहा है तथा कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इसे देखते हुए रेल विभाग कटरा से श्रीनगर तक रेल सेवा अलग से चलाएगा। रेलवे विभाग ने उसके लिए अलग से वंदेभारत रेल बनाई है, जिसमें सर्दी से बचने के लिए सभी प्रकार की सुविधा रखी गई है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस रेलमार्ग पर बिजली से ही इंजन चलेंगे तथा इस रूट पर बर्फबारी का खतरा बना रहेगा, इसको देखते हुए इंजन पर विशेष यंत्र लगाए गए हैं। शीशा तीन लेयर का है, जो हर समय गर्म रहेगा ताकि पड़ने वाली बर्फ ना ठहर पाए, बर्फ गिरते ही पिघल जाए, जिससे इंजन चालक को रेलवे ट्रैक देखने में मुश्किल का सामना न करना पड़े।

# नतीजों को मिलते पुरस्कार, कोशिशें रहती गुमनाम

-डॉ सत्यवान सौरभ

**"सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति होती है। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घरझ्परिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले ही करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा"**

**सफलता सार्वजनिक उत्सव तो असफलता व्यक्तिगत विप्पति। नतीजों को मिलते पुरस्कार, कोशिशें रहती गुमनाम।**



**परिणामों पर** जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्त्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, ने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। ऑस्ट्रेलियाई बॉल-टैम्परिंग घटना जैसे घोटाले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की लागत को दशार्ते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया।

सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति होती है। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घरझ्परिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले ही करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेंगी। मायने ये भी रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण के भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपका भविष्य निर्माण करने में सहायक हो सकता है।

परिणाम-संचालित समाज में, प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है, परिणाम-संचालित समाज में, परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में, प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दशार्ता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापनीय परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं, लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है।

रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा ले सकते हैं। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्त्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, ने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। ऑस्ट्रेलियाई बॉल-टैम्परिंग घटना जैसे घोटाले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की लागत को दशार्ते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है। निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्त्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ.उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं। विराट कोहली की अनुशासित प्रशिक्षण दिनचर्या स्थायी सफलता प्राप्त करने में प्रयास के महत्त्व को दशार्ती है। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक व्यवहार और नियमों के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए सचिन तेंदुलकर का स्लेजिंग में शामिल होने से इनकार करना क्रिकेट में अल्पकालिक लाभ की तुलना में नैतिकता को उजागर करता है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा मिलता है, खेलों में निष्पक्षता और समावेशिता की संस्कृति का पोषण होता है। यह दीर्घकालिक चरित्र निर्माण को बढ़ावा देता है और अनैतिक शॉर्टकट को रोकता है। हालांकि, एक सूक्ष्म दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रयास कौशल विकास और प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ संरेखित हों, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बनाए रखा जा सके और साथ ही खेल कौशल और अखंडता को बढ़ावा दिया जा सके।

कभी कभी हम अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हैं परीक्षा से इतर। अपना सब कुछ दांव पर लगाकर आगे बढ़ते हैं, पूरी जी जान से मेहनत करते हैं ताकि कुछ अच्छा हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप सफल हो ही जाएँ। सफलता और असफलता दोनों के ही मौके समान रहते हैं। आप सफल हुए तो आपके अब तक के संघर्ष पर पूर्ण विराम लग जाएगा लेकिन दूसरी स्थिति बहुत विकट होती है जब आप अपनी मेहनत को डूबता हुआ देखते हैं।

## कविता

अब नई इस गजल में बहर आई।

तू आई ना तेरे आने की खबर आई
महकती तेरी सांसे तर-बतर आई।

महकते ख्वाबों को कौन रोक सकता
यादें तेरी यूं मेरे जेहन में जबर आई।

तुझसा तेरा ख्याल भी बेहद नाजुक
आने की तेरे सांसों से खबर आई।

लगा तुझ से मिले सदियां गुजर गई
खिलती कलियां चुपके से नजर आई।

मुझसे मिलने और बिछड़ने के बीच,
इश्क की एक मेरे दिल से लहर आई।

तेरा ख्याल हवा में तैरता है यूँ ही,
अब नई इस गजल में बहर आई।

संजीव

# क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**आगामी पांच** फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है। आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी। 2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे।

8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे।

## विचार

# कृषि में नई क्रांति का आगाज हल्दी आयोग

**प्रभुनाथ शुक्ल**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की है। गंगा रेड्डी को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे हल्दी की उन्नतशील खेती में किसानों को जहाँ मदद मिलेगी दूसरी तरफ वैश्विक बाजार पर भारत का सौ फीसदी कब्जा होगा। क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादन और खपत करने वाला देश है। वैश्विक जरूरत की 70 फीसदी की आपूर्ति भारत करता है। हल्दी के निर्यात को पांच साल में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। हल्दी हमारे संस्कृति और संस्कार में बसी है। हाथ पीले करने के लिए हल्दी आवश्यक है। हमारे यहाँ हल्दी को शुभ माना जाता है। हमारे यहाँ कोई भी संस्कार बगैर हल्दी के संम्पन्न नहीं होता है। जीवन के आगमन और महाप्रयाण में भी हल्दी का अपना महत्व है। हल्दी आयुर्वेद की सबसे गुणकारी औषधि है यह एंटीबायोटिक भी है। लेकिन अब भारतीय हल्दी किसानों के लिए एक अच्छी खबर आयी है। केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों की 40 सालों से चली आ रही लबी मांग को मान लिया है। सरकार ने हल्दी आयोग (ळ४१ी१ू इङ्क१ं१ि) का गठित करने की अधिसूचना जारी कर दिया है। बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के निजामबाद में होगा।

देश के हल्दी किसान जहाँ संवृद्ध होंगे वहीं हल्दी निर्यात में भारत का अपना दबदबा होगा। भारत में सबसे अधिक हल्दी का उत्पादन दक्षिण भारत में होता है। आयोग के गठन से जहाँ हल्दी की नई -नई प्रजातियों का विकास होगा। इसके अलावा हल्दी का कृषि क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर व्यपाक होगा। देश के दूसरे हिस्सों में भी शोध के जरिए जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता से हल्दी की नई प्रजाति का विकास कर इसके उत्पादन को और व्यापक बनाया जा सकता है। इससे जहाँ हल्दी के किसानों की आय दोगुनी होगी वहीं दुनिया के हल्दी बाजार पर भारत का एकाधिकार होगा। देश के तकरीबन 20 राज्यों में हल्दी की खेती व्यापक पैमाने पर होती है। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मेघालय जैसे राज्य शामिल हैं। हल्दी बोर्ड जहाँ अच्छे उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास करेगा। जिसका लाभ देश के किसानों को मिलेगा। हल्दी से जहाँ कई दवाएं बनती है वहीं सौंदर्य प्रसाधन में भी हल्दी का प्रयोग होता है।हमारे जीवन में हल्दी का बहुत उपयोग है। निश्चित रूप से हल्दी बोर्ड सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों से मिलकर हल्दी के निर्यात की रणनीति बनाएगा। भारत ने बीते साल 2023-2024 में 226.5 मिलियन डॉलर की हल्दी का निर्यात किया। कुल 1.62 लाख टन हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया। बोर्ड के गठन के कृषि वैज्ञानिकों के अनुसन्धान से गुणवता परक हल्दी का निर्यात ग्लोबल स्तर पर होगा। भारत को एक टिकाऊ स्पर्धा का बाजार उपलब्ध कराएगा। इससे जहाँ हल्दी का उत्पादन बढ़ेगा वहीं निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि होगी। सरकार को परम्परागत कृषि को संवृद्ध करने के साथसाथ औषधिय खेती और दूसरे कृषि उत्पाद पर भी इस तरह के आयोग का गठन करना चाहिए। जिसका प्रभाव दुनिया के कृषि बाजार पर व्यपाक होगा। देश का किसान जहाँ आर्थिक रूप से संवृद्ध होगा और दूसरी तरफ भारतीय कृषि उत्पादों का एकाधिकार बढ़ेगा। कृषि के वैश्विक बाजार पर पकड़ बनाने के लिए भारत के पास अपार संभवानाएं हैं। अब सरकार किसानों के लिए कितना कुछ कर पाती है यह उस पर निर्भर है। भारत में गतवर्ष यानी 2023-2024 में 3.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हल्दी की खेती कर 10.74 लाख टन उत्पादन किया गया। हमारे यहाँ हल्दी की तीस प्रजातियों की खेती की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी और इस दौरान उत्पादन 11.61 लाख टन रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है और यहां हल्दी की 30 किस्में उत्पादित की जाती हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बाजरा बनाम परिष्कृत अनाज

**विजय गर्ग**

**शहरी जीवनशैली** में बदलाव के कारण परिष्कृत अनाज, जैसे कि सफेद चावल और परिष्कृत गेहूं का आटा, जिसे 'मैदा' कहा जाता है, की खपत में भारी वृद्धि हुई है। इन अनाजों को मिलिंग और ब्लीचिंग का उपयोग करके अत्यधिक संसाधित किया जाता है ताकि बढ़िया आटा प्राप्त किया जा सके जिसका उपयोग रोजमर्रा की पाक तैयारियों में किया जाता है। ब्रेड, पास्ता, नूडल्स और केक जैसे उत्पाद मुख्य बन गए हैं, खासकर बच्चों के लिए जो अक्सर परिष्कृत आटे से बने खाद्य पदार्थ पसंद करते हैं। हालाँकि, शोध से पता चला है कि परिष्कृत अनाज के अधिक सेवन से वजन बढ़ता है, टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। इसके विपरीत, बाजरा को न्यूनतम रूप से संसाधित किया जाता है और आम तौर पर इसका सेवन पूरे रूप में या आटे या फ्लेक्स के रूप में किया जाता है।

बाजरा बीन, भारत के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में उगाई जाने वाली एक पेटेंट फसल है, जिसने अपने उच्च पोषण मूल्य के लिए लोकप्रियता हासिल की है। बाजरा एक बेहतर आहार विकल्प क्यों हैः ? सतत कृषिः ? बाजरा कम उपजाऊ मिट्टी में न्यूनतम पानी की आवश्यकता के साथ उगाया जाता है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ फसल बन जाती है। ? उनकी खेती टिकाऊ कृषि पद्धतियों का समर्थन करती है, खासकर सूखा प्रभावित क्षेत्रों में। ? पोषण संबंधी पावरहाउसः ? फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिज जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर, बाजरा आहार में अत्यधिक पौष्टिक है। ? वे ग्लूटेन-मुक्त हैं, जो उन्हें ग्लूटेन असहिष्णुता या सीलिएक रोग वाले लोगों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाते हैं। ? रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता हैः ?कोविड-19 के बाद, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भोजन विकल्पों की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए, बाजरा ने अपनी प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुणों के लिए लोकप्रियता हासिल की है।

किसान आजीविका का समर्थन करता हैः ? अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 जैसी पहल ने बाजरा की खेती को प्रोत्साहित किया है, जिससे शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में किसानों की आजीविका में सुधार हुआ है।

# कुर्सीलाल और चिपकु बाबा

पुष्पाः द राइज, एक ऐसी फिल्म जो न केवल भारतीय सिनेमा में एक नया ट्रेंड सेट कर चुकी है, बल्कि हमारे कॉलेज के छात्रों की सोच और उनके व्यवहार पर भी गहरा असर डाल रही है। इस फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई है, बल्कि युवाओं के बीच बागी बनने का एक नया फैशन भी शुरू कर दिया है। चलिए, इस फिल्म के प्रभाव पर एक मजेदार व्यंग्य करते हैं। कॉलेज के पहले दिन ही, छात्रों की फजीहत शुरू हो गई थी। नई सेमेस्टर की शुरूआत में, सभी छात्र एक दूसरे से मिलते हुए अपने "बागी" अंदाज में घुस आए। उस दिन क्लास में राजू, जो हमेशा लेट आता था, ने फिल्म के एक्शन सीन की नकल करते हुए कहा, मैं झुकेगा नहीं! प्रोफेसर शर्मा, जो अंग्रेजी के अध्यापक थे और कक्षा में नियमों के पालन के लिए जाने जाते थे, ने झुंझलाते हुए कहा, बच्चों, यह क्या बागीपन है? तुम लोगों को पढ़ाई करनी है, फिल्म नहीं देखनी है! सर, पढ़ाई तो बोरिंग है। पुष्पा तो बागी बनने का फॉमूर्ला सिखाती है! सीमा ने चुटकी लेते हुए कहा। प्रोफेसर शर्मा ने चश्मे के ऊपर से देखते हुए कहा, फॉर्मूला अगर बागी बनने का इतना ही शौक है, तो क्या तुम लोग अपनी किताबों को छोड़कर जंगल में जाकर लकड़ी काटने लगोगे? राजू ने जवाब दिया, सर, जंगल में जाने से तो अपनी क्लास भी नहीं मिलेगी। वहाँ तो सब बागी हैं, और हम भी बागी बनकर राज करेंगे! अरे भाई, बागी बनना इतना आसान नहीं है। तुम्हें पढ़ाई करनी होगी, नहीं तो एक दिन बागी बनने के चक्कर में तुम खुद को पुष्पा का फॉलोअर बना लोगे! प्रोफेसर ने हंसते हुए कहा। कक्षा में हंसी का एक ठहाका गूंज उठा। तभी, चंदू, जो हमेशा कुछ नया करने की सोचता था, बोला, सर, क्या हम पढ़ाई करते हुए बागी बन सकते हैं? जैसे पुष्पा बागी था, वैसे ही हम भी बागी बनकर अच्छे अंक ला सकते हैं! बागी बनने से अंक नहीं आते, बच्चों। पढ़ाई करने से आते हैं। और अगर तुम्हें बागी बनने का इतना ही शौक है, तो तुम किताबों को बागी बना दो। पढ़ाई की किताबों में से बागियों का डायलॉग निकालो और एक्शन मूवी की स्क्रिप्ट लिखो!

## न्यूज फ्लैश

### पुलिसकर्मी के साथ बदसलूकी, फोटोग्राफर ने की गाली-गलौज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में निसिंग गुरुद्वारा** चौक पर पुलिस चेक पोस्ट के दौरान एक पुलिस कर्मी से बदसलूकी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 13 जनवरी को लोहड़ी के अवसर पर भारी भीड़ होने के कारण पुलिस ने यातायात को सुचारू रखने के लिए चेक पोस्ट लगाई हुई थी। इस दौरान फोटोग्राफर जसप्रीत सिंह संधू ने पुलिसकर्मी ईएचसी सुखविंदर सिंह के साथ गाली-गलौज की और उसकी वर्दी खींचने व पगड़ी उतारने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने उसे काबू किया, लेकिन वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। सुखविंदर सिंह की शिकायत पर निसिंग थाने में आरोपी के खिलाफ सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने व धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इएचसी सुखविंदर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि फोटोग्राफर जसप्रीत सिंह संधू ने चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की। पुलिस और लोगों द्वारा समझाने के बावजूद वह नहीं माना और गाली-गलौज करने लगा। उसने सुखविंदर सिंह के साथ हाथापाई की, उसकी वर्दी खींची और उसकी पगड़ी उतारने की कोशिश की। सुखविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि साथी पुलिसकर्मियों की मदद से आरोपी को एक तरफ ले जाया गया, लेकिन वह गाली-गलौज करता रहा और जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे आरोपी से खतरा है और उसने सख्त कार्रवाई की मांग की। निसिंग थाने में सुखविंदर सिंह की लिखित शिकायत के आधार पर आरोपी जसप्रीत सिंह संधू के खिलाफ सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी स्वदेश ने बताया कि सुखविंदर ने फोटोग्राफर पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। शिकायत दर्ज कर ली गई है। जांच जारी है।

### 13 वर्षीय नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में 13 वर्षीय नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।** परिजनों के अनुसार वह 15 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे घर से बाहर खेलने के लिए निकली थी और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने अज्ञात पर बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता मां ने बताया कि उसकी 13 साल की बेटी 7वीं कक्षा की छात्रा है। सुबह वह घर पर बोलकर गई थी कि वह बाहर खेलने के लिए जा रही है। उसके बाद बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने पूरे मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्हें शक है कि किसी अज्ञात ने उनकी बच्ची का अपहरण किया है। बच्ची की मां ने थाना सेक्टर 32-33 में शिकायत देते हुए बताया कि बेटी घर से जाते समय नीली जींस और आसमानी रंग का स्वेटर पहने हुए थी। उसके पैर में जूते थे, कद 4 फीट 5 इंच और रंग गोरा है। मां ने पुलिस से अपनी बेटी को जल्द से जल्द खोजने की मांग की है।

### अधिकारी ने लापरवाही की तो उसको बख्सा नहीं जाएगा: विधायक मनमोहन भडाना

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) समालखा से** विधायक मनमोहन भड़ाना का गांव अधमी व जलमाना में पहुंचने पर काफी संख्या में गांव वासियों ने फूल माला उसे जोरदार स्वागत किया ग्रामीणों द्वारा किये गए कार्यक्रम को देखकर विधायक गदगद हुए । गांव के सरपंच दलवीर रंग ने गांव के सामूहिक समस्याओ से विधायक मनमोहन भडाना को अवगत कराया वहीं अधमी गांव की श्री कृष्णा गौशाला मैं गायों की सेवा में दो रिक्शा ट्रैक्टर ट्राली अपने निजी कोस से देने का ऐलान किया।टिन सैंड बनवाने के लिए जल्द कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। वहीं गांव से यमुना तक रास्ता गांव की फिरनी गांव से मिजार्पुर मोड तक का रास्ता व खेल स्टेडियम लाइब्रेरी कम्युनिटी हॉल के साथ साथ शमशान और गांव की सभी चौपाल के लिए विधायक को मांग पत्र दिया।

# एनसीसी कैडेट की साइकिल यात्रा रचेगी नया इतिहास

## एनसीसी साइकिल यात्रा का धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत, सीओ कर्नल जेएस डोडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : ऐतिहासिक** योद्धाओं, स्वतंत्रता-पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों और स्वतंत्रता-पश्चात युद्धों के वीरों के बलिदान को याद करने के लिए, एनसीसी निदेशालय चंडीगढ़ के कैडेटों ने हुसैनीवाला सीमा से साइकिल पर यात्रा शुरू की और उनकी रैली 20 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस 2025 समारोह के साथ नई दिल्ली में समाप्त होगी। वीरवार को एनसीसी साइकिल यात्रा का धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। यहां पर कर्नल जेएस डोडी ने साईकिल रैली की फ्लैग सेरेमनी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट की साइकिल रैली अपने आप में एक नया इतिहास रचेगी। इस साइकिल यात्रा के दौरान देश के कोने-कोने तक वीर शहीदों की अमर गाथाओं को याद किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि रैली के 10वें दिन, छह बालिका कैडेटों और छह बालक कैडेटों सहित 15 साइकिल चालकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और ब्रिगेडियर विकास राय सांडिल्य, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, अंबाला द्वारा विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में अंबाला से रवाना किया गया तथा स्थानीय एनसीसी कैडेटों द्वारा उनकी सराहना की गई। उन्होंने कुरुक्षेत्र में, साइकिल चालकों को वरिष्ठ दिग्गजों और वीरता पुरस्कार विजेताओं द्वारा ऐतिहासिक ब्रह्म सरोवर पर झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 10 हर बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने साइकिल चालकों को प्रोत्साहित करने और उनकी सराहना करने के लिए फूलों की वर्षा की तथा भारत के शूरवीर एक शौर्य गाथा विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। आगंतुक साइकिल चालकों ने बाद में 10 हर बटालियन एनसीसी के कैडेटों के साथ बातचीत की और अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद एनसीसी कैडेट ने जन्मस्थली ज्योतिसर का दौरा किया और श्रीमद्भगवद्गीता के बारे में जानकारी हासिल की। यह साइकिल सवार लगभग 700 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे और हुसैनीवाला, खेमकरण, कुरुक्षेत्र और पानीपत के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक युद्ध क्षेत्रों को छूएंगे और साथ ही रास्ते में स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### सडक हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत, साथी हुआ घायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा नीलोखेड़ी** में गुरुवार को हुए सडक हादसे में स्कूटी सवार 40 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब उनकी स्कूटी सडक किनारे खड़े ओवरलोडेड ट्राले से टकरा गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल स्थित मोर्चरी हाउस भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान कुरुक्षेत्र निवासी 40 वर्षीय सुरेश के रूप में हुई है, जो टाइल लगाने का काम करता था। जानकारी के अनुसार सुरेश और उसका दोस्त गुरुवार को कुरुक्षेत्र से नीलोखेड़ी जा रहे थे। नीलोखेड़ी के पास सडक किनारे खड़े एक ट्रॉले ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया। घायल साथी ने बताया कि अचानक सडक किनारे खड़े ओवरलोड ट्राले से स्कूटी जा टकराई।

### खेत के कमरे का ताला तोड़ सामान चुराया

**गन्नौर। पांची जाटान रोड** पर गंगा भट्टे के पास खेत मे बने कमरे का ताला तोड़ कर चोर तार व इन्वर्टर-बैटरी चोरी कर ले गए। खेत मालिक ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में पांची जाटान निवासी महिपाल ने बताया कि उसके खेत के ट्यूबवैल की मोटर खराब हो गई थी। जिस कारण उसने मोटर को निकाल रखा था। मोटर के साथ 400 फुट तार भी थी। उसने मोटर व तार को खेत मे बने कमरे के रख दिया और घर चला गया। अगली सुबह आया तो चोर कमरे का ताला तोड़ कर तार व इन्वर्टर-बैटरी चोरी कर ले गए। गन्नौर थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कम्बल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिले के गाँव** नगला रोडान में इफको द्वारा वृहद् किसान सभा सह कम्बल वितरण कार्यक्रम में किसानों को इफको के उत्पाद जैसे नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, सागरिका एवं अन्य उत्पादों के उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथिगण डॉ. देवी दयाल, उप महाप्रबन्धक (कृसे) इफको चंडीगढ, डॉ.विवेक कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि व किसान कल्याण विभाग, करनाल, डॉ. निरंजन सिंह (वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक इफको करनाल) व प्रदीप मिश्रा (आरएमइ इफको एमसी करनाल) मौजूद रहे। डा. निरंजन सिंह ने इफको नैनो यूरिया प्लस के महत्व के बारे में किसानों से विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि नैनो यूरिया प्लस पर्यावरण के अनुकूल है और महत्वपूर्ण विकास चरणों में फसल की नाइट्रोजन आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि बेहतर मृदा स्वास्थ्य और किसानों की लाभप्रदता के लिए पारंपरिक यूरिया और अन्य नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के स्थान पर इसका उपयोग किया जाता है। यह सूक्ष्म पोषक तत्वों की दक्षता और उपलब्धता को बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि यह एक 45 किलो के बोरे के बराबर कार्य करती है व इसका प्रयोग फसलों पर स्प्रे के रूप में किया जाता है, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। डॉ.देवी दयाल ने बताया कि डीएपी की मात्रा आधी करके नैनो डीएपी व एनपी के कन्सोर्टिया प्रत्येक की 250-250 मिली मात्रा एक एकड के गेहूं के बीज में उपचार करकर बिजाई करे व बचा 250 मिली नैनो डीएपी 100 लिटर पानी में मिलाकर 30-35 दिन की फसल पर एक एकड में स्प्रे करना है। नैनो डीएपी से बीज उपचार करने से फसल में अंकुरण प्रतिशत में बढोतरी होती है व अंकुर जल्दी विकास करता है।

### मोहन लाल बड़ौली पर रेप की एफआइआर गलत: गोगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले की** असंध विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर दर्ज एफआईआर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एफआईआर कहां दर्ज हुई है, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है, लेकिन किसी ने उनके पास एफआईआर की कॉपी भेजी थी। शमशेर सिंह गोगी का मानना है कि यह बीजेपी के अंदरूनी मसलों का परिणाम हो सकता है। उन्होंने कहा कि मोहन लाल बड़ौली एक शरीफ इंसान हैं और वे उन्हें लंबे समय से जानते हैं। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर देखा जाए तो वह सज्जन व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई 2023 का मामला अब दर्ज क्यों किया गया, जबकि तब भी कांग्रेस की सरकार थी और अब भी है। उन्होंने शक जताया कि भाजपा खुद अपने अध्यक्ष को हटाने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को मोहन लाल बड़ौली को हटाना मुश्किल हो रहा है तो यह सब भाजपा ने ही करवाया होगा। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की। रॉकी मित्तल पर दर्ज मामले पर बोलते हुए गोगी ने कहा कि भाजपा रॉकी मित्तल से नाराज है, इसलिए उन पर पर्चा हो सकता है।

## नशीली दवाओं के साथ युवक गिरफ्तार, 1152 कैप्सूल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एन्टी** नारकोटिक सेल और इंद्री थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। भादसों रोड पर एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ट्रोमाडोल कैप्सूल की 1152 गोलियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सहारनपुर के सुहेल पुत्र इमरान के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 15 जनवरी की शाम को एएसआई सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त और अपराधियों की धरपकड़ के लिए निकली थी। इस दौरान उन्हें एक मुखबिर से सूचना मिली कि सुहेल पुत्र इमरान मोहल्ला झोटा वाला, अमन पैलेस के पास, थाना मंडी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, काले रंग का बैग लेकर भादसों रोड पर एक नाई की दुकान के पास खड़ा है। वह नशीली गोलियां बेचने के इरादे से किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई सतीश कुमार ने अपने दल को तैयार किया। पुलिस बल में मुख्य सिपाही राजीव कुमार, रोहित कुमार, विजय कुमार और सरकारी वाहन के चालक एसपीओ हरपिंदर सिंह शामिल थे। भादसों रोड पर पहुंचते ही पुलिस को मुखबिर के बताए अनुसार एक युवक काली जैकेट और काली जींस में खड़ा दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस वाहन को उसने देखा, वह तेजी से वहां से भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेर लिया और गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सुहेल पुत्र इमरान बताया। पुलिस ने तुरंत उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। पकड़े गए युवक ने तलाशी के लिए राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति की मांग की। इसके बाद डीएसपी नीलोखेड़ी विक्रमजीत सिंह को सूचित किया गया। वे सरकारी वाहन से मौके पर पहुंचे और आरोपी की विधि अनुसार तलाशी ली गई। तलाशी में सुहेल के बैग से ट्रोमाडोल कैप्सूल के 5 डिब्बे मिले। इनमें चार डिब्बों में 960 कैप्सूल और पांचवें डिब्बे में 192 कैप्सूल थे। सभी कैप्सूल का कुल वजन 701 ग्राम 28 मिलीग्राम था। पुलिस ने ई-शाखा ऐप के माध्यम से बरामद सामग्री की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की। दवाइयों की तस्वीरें ली और इंस्पेक्टर विकास राठी से सलाह ली गई। इंस्पेक्टर ने पुष्टि की कि ये सभी दवाइयां एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रतिबंधित हैं। बरामद दवाइयों के बारे में कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत करने में असमर्थ रहने पर पुलिस ने सुहेल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

## सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम गम्भीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। शहर में सफाई** व्यवस्था बेहतर बनाए रखने को लेकर नगर निगम गम्भीर है। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने तीसरे दिन शहर के जोन नम्बर 3 का दौरा कर मुख्य सडकों व विभिन्न कॉलोनियों की गलियां घूमकर साफ-सफाई को चेक किया। इस दौरान सफाई के साथ-साथ दरौगा और सफाईकर्मी, दोनो के हाजिरी रजिस्टरों की जांच भी की गई। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने निरीक्षण में सफाईकर्मियों का हाल-चाल भी जाना। सडकों की साफ-सफाई को बेहतर बताकर सफाईकताओं का मनोबल बढ़ाया। साथ में यह भी नसीहत दी कि सफाईकर्ता अपने हाजिरी लगाकर ही काम शुरू करें और अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित न रहें। सभी अपनी-अपनी ड्रेस पहनकर काम पर आएं। उन्होंने दौरे में मौजूद अतिरिक्त निगम आयुक्त और सहायक सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि सफाई के साथ-साथ कूड़े-कचरे की समय पर लिफ्टिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने कूड़ा-कचरा संग्रहण करने वाले टिप्परों के चालकों से बात की और जीपीएस सिस्टम को चेक किया। टिप्परों के जरिए नागरिकों को सुनाई जाने वाली कूड़ा डालने की उद्घोषणा और प्रसारित होने वाले स्वच्छता गीत को भी सुना। उन्होंने टिप्पर ड्राईवर व हैल्पर को निर्देश दिए कि लोगों को टिप्पर में कूड़ा डालते समय दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने नागरिकों की मदद करने को कहा। दौरे में निगमायुक्त ने राम नगर की सडकों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों का सामान अंदर करवाया जाए। कोई भी दुकानदार अपनी सीमा से बाहर सामान को न रखे।

## नारनौल डिपो ने ग्रामीण रूट होती हुई नई बस सेवा की शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। नारनौल डिपो ने** वीरवार से महेंद्रगढ़ के ग्रामीण रूटों से होते हुए रोडवेज बस सेवा शुरू की हैं। महेंद्रगढ़ से दोपहर 3:30 बजे रेवाड़ी के लिए रवाना होगी। यह बस सेवा वाया बवानिया-कुंड ग्रामीण रूटों से होते हुए रेवाड़ी पहुंचेगी तथा बस का रात्रि ठहराव महेंद्रगढ़ में ही रहेगा।

नई बस सेवा शुरू होने पर महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर सामाजिक संगठनों ने बस चालक नत्थु व परिचालक विक्रम का फूल मालाओं से स्वागत किया। बस के चलने से चार विधानसभा क्षेत्र महेंद्रगढ़, अटेली, कोसली व बावल के ग्रामीणों को बस का लाभ मिलेगा। बस को चलवाने के लिए सामाजिक संगठन के लोग करीब तीन माह से संघर्ष कर रहें थे, क्योंकि महेंद्रगढ़ से सुबह 11:30 बजे के बाद रेवाड़ी के लिए सीधी बस सेवा इस रूट पर नहीं थी।

**इन गांवों के यात्रियों को मिलेगा लाभ**

बवानियां-कुंड-रेवाड़ी रूट पर सुबह के समय इस बस सेवा के शुरू होने पर गांव कुंड, भैरू का बांस, मोहनपुर, नांगल, ऊंचा, नीचा, गोमला, सुंदरह, भोजावास, बवानिया, डुलाना गांव के ग्रामीणों को फायदा मिलेंगा। यह बस दोपहर 2:20 बजे नारनौल से चलकर 3:10 बजे महेंद्रगढ़ पहुंचेगी। उसके बाद महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे चलकर ग्रामीण रूटों से होते हुए रेवाड़ी जाएगी।

इसके बाद रेवाड़ी से यह बस सेवा शाम को 6:10 बजे वापिस महेंद्रगढ़ आएंगी। बस सेवा शुरू होने से सामाजिक संगठनों ने नारनौल डिपो के महाप्रबंधक अनीत यादव, सीआई ब्रहमप्रकाश, डीआई रोहताश यादव, बस स्टैंड इंचार्ज सज्जन कुमार सहित अन्य अधिकारियों का आभार जताया है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा, संदीप इंजिनियर बचीनी, हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी सुरेश, आदेश, विक्रम, रमेश, वेद श्यामपुरा सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## मानव अधिकार के अधिकारों का नहीं होने दिया जाएगा हननः चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : हरियाणा मानव** अधिकार आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्तरा ने कहा कि हरियाणा में मानव अधिकार के अधिकारों का किसी भी कीमत पर हनन नहीं होने दिया जाएगा। इस समाज में हर व्यक्ति के लिए अधिकार निर्धारित किए गए है। इन अधिकारों से कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए। इस विषय को गंभीरता से लेकर जिले के अधिकारियों को कार्य करना होगा। चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा वीरवार को पिपली पैराकीट में अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। यहां पर चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा और आयोग के सदस्य कुलदीप जैन, दीप भाटिया का प्रोटोकॉल के अनुसार उपायुक्त नेहा सिंह व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने स्वागत किया। चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने अधिकारियों को मानव अधिकार के नियमों के बारे में विस्तार से अवगत करवाते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र में भिखारियों, होम शैल्टर, ओलडेज होम, रैन बसेरा, अस्पतालों में मरीजों सहित अन्य वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए और नियमानुसार सभी को उनके हक मिलने चाहिए और किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित ना किया जाए, इस विषय को गंभीरता से लेकर अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा। चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने अधिकारियों से रूबरू होने के बाद जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में बंद बंदियों, महिला बंदियों, अस्पताल, लाईब्रेरी, कैन्टीन, रसोई घर सहित अन्य सभी कक्षों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और फीडबैक ली कि मानव अधिकारों के तहत बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मिल रही है या नहीं के बारे में पूछा। उन्होंने पीने के पानी, खाने की गुणवत्ता, शौचालयों की सुविधा सहित अन्य विषयों का बारीकी से जायजा लेने के बाद जेल प्रशासन के अधिकारियों को आदेश दिए कि जो भी खामिया है उसे नियमानुसार जल्द से जल्द दुरूस्त किया जाए। इसके बाद चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का भी दौरा किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, आयोग के संयुक्त रजिस्ट्रार अरुण ठाकुर, आयोग के प्रोटोकॉल, सूचना जनसम्पर्क अधिकारी डा.पुनीत अरोड़ा उपस्थित थे। चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने जिला कारागार कुरुक्षेत्र की मैस में बंदियों के लिए बने खाने की गुणवत्ता को चैक करने के लिए स्वयं खाने का स्वाद चखा। उनके साथ आयोग के सदस्य कुदीप जैन व सदस्य दीप भाटिया ने भी खाने की गुणवत्ता को चैक किया।

चेयरमैन जस्टिस ललित बत्तरा ने खाना बनाने वाले लोगों से फीडबैक ली और जेल प्रशासन को कहा कि बंदियों को नियमानुसार अच्छी गुणवत्ता का खाना उपलब्ध करवाना चाहिए।

## थानेसर के गांव बारवा में आयोजित हुआ नवीन संकल्प शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्रः सांसद नवीन** जिन्दल की पहल पर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत थानेसर हल्के के गांव बारवा में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। इस नवीन संकल्प शिविर में गांव के लोगों ने सुविधाओं का लाभ उठाया। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन संकल्प शिविर में 134 लोगों को परामर्श और दवाईयां दी गई जबकि 16 लोगों के टेस्ट किए गए। बारवा गांव के शिविर में 69 लोगों को कागजात व नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की सुविधा के लिए हर प्रकार के लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### फिलिंग स्टेशन पर कार में पेट्रोल डलवाकर कार चालक फरार, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव रोहट के पास फिलिंग स्टेशन से गाड़ी चालक पेट्रोल डलवाने के बाद बिना भुगतान किए फरार हो गए। पूरी घटना फिलिंग स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। फिलिंग स्टेशन संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। रोहट स्थित फिलिंग स्टेशन संचालक जगदीश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति अपनी गाड़ी लेकर फिलिंग स्टेशन पर पहुंचा और उसने वहां पर चार हजार रुपये का पेट्रोल गाड़ी में डलवाया। सेल्समैन ने गाड़ी के टैंक में पेट्रोल भरने के बाद नोजल को उठाया तभी आरोपित चालक बिना भुगतान किए गाड़ी को लेकर भाग गया। फिलिंग स्टेशन संचालक ने बताया कि उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई के साथ गाड़ी चालक को गिरफ्तार करने की मांग की है। जांच अधिकारी तरूण ने बताया कि इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जल्द से जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### वाहन की चपेट में आने से दो-पहिया वाहन चालक घायल, उपचार के दौरान मौत

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में सड़क मार्ग संख्या 334बी गांव राठधाना फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो-पहिया वाहन चालक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव खेवड़ा निवासी अंकित ने बताया कि वह चालक का काम करता है। उसका भाई आशु (21) खरखौदा में पेट्रोल पंप पर काम करता है। वह बुधवार सुबह घर से स्कूटी पर सवार होकर खरखौदा जा रहा था। गावं राठधाना के पास सड़क मार्ग 334 बी पर पहुंचा। जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। जहां घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में लाया गया। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द उसकी पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### बड़वासनी गांव में दो कार सवार आठ युवकों ने दो ग्रामीणों पर किया हमला

**सोनीपत: सदर थाना** क्षेत्र के गांव बड़वासनी गांव के पास दो कार सवार आठ युवकों ने दो ग्रामीणों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने ग्रामीणों की कार को रुकवा लिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगे। उसके बाद उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बड़वासनी निवासी सुनील ने बताया कि वह अपने दोस्त दीपक की शादी में गत 11 जनवरी को अपनी गाड़ी में गांव कुराड़ गए थे। शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।

# अधिकारी जब जन समस्याओं को अपनी समस्या समझेंगे तभी निदान संभव: उपायुक्त

**समाधान शिविर में आई 70 शिकायतें, अतिरिक्त उपायुक्त ने दिए समाधान के निर्देश**

**समाधान**

**आम जन की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में निदान हो यही मुख्यमंत्री का ध्येय है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिहं की दुरगामी सोच के तहत जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान करने को लेकर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जिले के नागरिक प्रशासन द्वारा समन्वय स्थापित कर जिस तरह से आम जन की समस्याओं का निदान करते है उनकी कार्य क्षमता व कार्य शैली से प्रभावित है। यही वजह है कि आम जन की समस्याओं का तत्काल निदान हो रहा है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय सभागार में आम जन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि नागरिकों के साथ किसी भी तरह का वे अन्याय नहीं होने देंगे। वे उनकी तकलीफ से वाकिफ है। आम जन की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में निदान हो यही मुख्यमंत्री का ध्येय है व यही प्रशासन का उददेश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता कि तकलीफों को जब अपनी तकलीफ समझ कर कार्य करेंगें तो निश्चित रूप से समाधान होगा। जनता समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे अनिल कुमार वासी गंगा राम कॉलोनी ने प्रशासन से प्रार्थना की कि फैक्ट्री में कार्य करते वक्त उनकी हाथ की उंगली कट गई। फैक्ट्री मालिक ने उनकी स्थिति को देखते हुए मदद नहीं की। उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। उन्होंने उपायुक्त से संज्ञान लेने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने डिप्टी डायरेक्टर सेफ्टी एंड हैल्थ को जांच के निर्देश दिए। प्रार्थी सुनिता ने उपायुक्त से निवेदन किया कि मेरे पति राजपाल की मृत्यु हो चुकी है। निगम में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। जो कि अभी तक मंजूर नहीं हुआ है। उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में सहयोग करने के लिए प्रार्थना की। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। प्रार्थी राजकुमार ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि एचएसआईडीसी पानीपत में 25 पार्ट 1 व 2 में प्लाट निकाले थे। उन्हें 3 साल से ज्यादा समय हो चुका है। उनके 10 हजार रुपए बगैर वजह के काट लिये गए। उन्होंने इस कार्य में सहयोग की अपील की। उपायुक्त ने एचएसआईडीसी को मामले का अध्ययन करने के निर्देश दिए।

प्रार्थी हरभजन सिंह वासी माडल टाऊन ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि उन्होंने 500 गज का प्लाट लिया था। लेकिन उसकी रजिस्ट्री आज तक मेरे नाम नहीं हुई है। उपायुक्त ने सीएमसी को इस मामले पर जांच करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता गीता वासी शिव नगर ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि गंदे पानी का सडक पर पसराव होने के कारण लोगों को आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त तत्काल संबंधित विभाग को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता यशपाल ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि थाना शहर में बने क्वाटर के लिए पब्लिक हैल्थ द्वारा डाली गई पानी की अवैध लाइन व बिना मीटर के दिए गए कनेक्शन पर कार्यवाही करने की प्रार्थना की।

# तुलसी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला शहर के हिसार रोड स्थित तुलसी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सी.बी.एस.ई. की ओर से 'योग्यता आधारित मूल्यांकनह्व विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें शिक्षकगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। रिसोर्स पर्सन श्रीमती डॉ. गोशा लिबरहान तथा डॉ. सुरेश अग्रवाल जी द्वारा सरस्वती मां को पुष्प अर्पित कर-के तथा विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा एक गीत प्रस्तुत करके कार्यशाला का आरंभ हुआ।

इस कार्यशाला में योग्यता आधारित शिक्षा पर व मूल्यांकन की भूमिका तथा इसके मूल सिद्धांत, अच्छे मूल्यांकित प्रश्नों का महत्त्व, एक अच्छी प्रश्नावली के गुण, बहुविकल्पी तथा

**चर्चा**

**विश्लेषण करना, मूल्यांकन करना तथा रचना करना आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई**

व्यक्तिपरक प्रश्न बनाने का सर्वोत्तम अभ्यास, फ्री रिस्पांस प्रश्नों के विभिन्न प्रकार व मूल सिद्धांत, ब्लूम टैक्सोनॉमी की छह श्रेणियों- याद रखना, समझना, प्रयोग करना, विश्लेषण करना, मूल्यांकन करना तथा रचना करना आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। दोनों रिसोर्स पर्सन ने कार्यशाला को रुचिकर बनाने के और व्यक्तिपरक), बेसलाइन-एंडलाइन असेसमेंट, बहुविकल्पी व व्यक्तिपरक प्रश्न बनाना आदि में सहभागिता करवाई।

# तलवार से युवकों पर हमला कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र के श्याम नगर स्थित दो युवकों पर तलवार व ईंटों से हमला करने क आरोप का मामला सामने आया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद रेफर कर दिया। परिजन उन्हें निजी अस्पताल में ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी शुभम ने बताया कि वह अपने मामा के बेटे तुषार के साथ दोस्त की बहन की शादी में गए थे। जब वापस लौटे तो रास्ते में कॉलोनी के रहने वाले राहुल और उसके भाई रॉकी ने घेर लिया। रॉकी ने उस पर तलवार से वार कर दिया। तलवार उसकी गर्दन के पास लगी। दूसरा वार हाथ पर किया। इसी दौरान राकी के भाई राहुल ने तुषार पर लाठी से वार किए। इसके बाद राहुल और रॉकी ने छत पर चढ़ कर ईंट से वार करने शुरू कर दिए। शोर सुनकर उनके दूसरे ममेरे भाई संदीप वहां आए और आरोपितों से बचाया। आरोपितों ने तीनों को जान से मारने की धमकी दी।

# नशामुक्ति एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**पर्यावरण संदेश**

**दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** नशे की लत मौत का खत। नशा एक बुराई है जीवन की सच्चाई है। नशे को छोडो जीवन से नाता जोड़ो। नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। जैसे असंख्य नारों के साथ हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। । । ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है।

दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया की जल्द ही यूनिवर्सिटी के अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र जनकल्याण को समर्पित कर दिया जायेगा जिसका लाभ समस्त प्रदेशवासियो को मिलेगा।

# बीबी रविंदर कौर अजराना को मिल रहा समर्थन: तेजिंदर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावी मैदान में वार्ड नंबर 15 से उतरी बीबी रविंदर कौर अजराना को लगातार भारी जन समर्थन रहा है। हेमकुंड साहिब सेवा समिति के पधान तेजिंदर सिंह मक्कड़ ने कहा कि वह लगातार अपने वार्ड के प्रत्येक क्षेत्र में जाकर सिख संगत से अपने पक्ष में वोट की अपील कर रही है। वहीं इसी कड़ी में देर शाम झांसा रोड नजदीक मॉडल टाउन में अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान पहुंची,जहां उमड़ी सिख संगत ने उन्हें अपना सहयोग समर्थन और आशीर्वाद दिया।इस दौरान उनके पति सिख नेता कंवलजीत सिंह अजराना भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्होंने 25 साल कौम की आवाज बुलंद करने का काम किया है। दिन रात के सिख कौम के लिए हमेशा तत्पर रहे है। उन्होंने संगत से अपील की कि हरियाणा कमेटी द्वारा किए गए कार्यों को अपने दिमाग में रख कर वोट करें। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कंवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि



शाहबाद स्थित मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज एवम अस्पताल में वाकई ही

**सहयोग**

**पने जनसंपर्क अभियान के दौरान पहुंची,जहां उमड़ी सिख संगत ने उन्हें सहयोग और आशीर्वाद दिया**

दवाइयों के नाम पर लूट हो रही है। जब तक शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के बीच रहेगा,बादल परिवार का ट्रस्ट रहेगा,तबतक ये लूट यूं ही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मीरी पीरी कॉलेज एवम अस्पताल को हरियाणा कमेटी में लाकर दवाइयां बिल्कुल फ्री की जाएगी और जनता को समर्पित किया जाएगा। वही मात्र 5 रुपये में पर्ची काटी जाएगी। हेमकुंड साहिब सेवा समिति के प्रधान तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने संगत से अपील करते हुए कहा कि संगत की सेवा में दिन रात काम करने वाली बीबी रविंदर कौर और संगत के प्रति समर्पित कवंलजीत सिंह अजराना को अपना समर्थन और वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाएं ।

# तेजा सिंह जडौला बने केयू रोड़ समाज कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान

**बैठक**

**नॉन-टीचिंग क्लब में 15 जनवरी को रोड़ समाज कर्मचारी एसोसिएशन के कर्मचारियों की बैठक हुई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन-टीचिंग क्लब में 15 जनवरी को रोड़ समाज कर्मचारी एसोसिएशन के कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर रोड़ समाज कर्मचारी एसोसिएशन की ओर से सर्वसम्मति द्वारा तेजा सिंह जडौला को प्रधान चुना गया। इसके साथ ही रिंकू पबनावा को खंजाची तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुनील आलमपुर, शोभा सिंह ज्वारा, रणबीर फतेपुर, संजीव बोडला पबनावा को चुना गया।

नवनियुक्त प्रधान तेजा सिंह जडौला ने इस अहम जिम्मवारी देने के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए रोड़ समाज के आपसी भाईचारे व एकता के लिए कार्य करने की बात कही।

# किसान के खते में सोलर की मोटर चोरी

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव जुआं सड़क मार्ग पर किसान के खेत से सोलर की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव चिटना निवासी प्रवेश ने बताया कि उसके खेत जुआं सड़क मार्ग पर पड़ते है। खेतों में सिंचाई के लिए सोलर की मोटर लगा रखी है।

किसी ने गत 13 दिसंबर को खेत से मोनो ब्लॉक मोटर चोरी कर लिया। अपने स्तर पर मोटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# जिला पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : सडक सुरक्षा माह के तहत जिला पुलिस से यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी में वीरवार को यातायात पुलिस की टीम ने सेक्टर-10 स्थित जिला पुस्तकालय में छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों बारे जानकारी दी। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के आदेशानुसार जिला में राष्ट्रीय सड्क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को यातायात पुलिस की टीम ने



अभियान के तहत सैक्टर-10 स्थित जिला पुस्तकालय में छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। यातायात कोडीर्नेटर सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र विक्रम ने छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। यातायात कोडीर्नेटर ने कहा कि हमें यातायात नियमों की पालना चालान के डर से नहीं बल्कि जागरुकता के साथ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चालकों पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी होती है जिनका निर्वहन सभी चालको को करना चाहिए। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी-छोटी आदतों

**सम्मेलन**

**पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जिला में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह मनाया जा रहा हुए सम्मेलन संपन्न**

को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। पुलिस विभाग की टीम द्वारा छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों से सम्बंधित शपथ दिलवाई गई। पुस्तकालय प्रबंधक सुनीता देवी, रमेश पाल, छात्र नरेश, साहिल, जसप्रीत, मनीषा, सौरव, नवदीप आदि छात्र/छात्राएं मौजूद रही।

# स्टार्टअप बना युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का वरदान: सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि स्टार्टअप युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का वरदान साबित हुआ है।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप अभियान से युवाओं के अपने सपने साकार करने एवं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने में अपार सहयोग मिला है। यह उदगार उन्होंने गुरुवार को कुलपति कार्यालय में विश्व स्टार्टअप दिवस पर कुवि के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 21-22 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले स्टार्टअप सक्सेस कॉलोक्वियम कार्यक्रम की विवरणिका के विमोचन अवसर पर



व्यक्त किए। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि स्टार्टअप द्वारा युवा नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाकर देश की आर्थिक समृद्धता में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। वहीं युवा आज स्वयं का स्टार्टअप शुरू कर दूसरों को रोजगार उपलब्ध करवा रहे हैं। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा स्टार्टअप, नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में दो इंक्यूबेशन सेंटर सहित कुटिक, रोजगार सृजन केन्द्र, सेंटर फार ट्रेनिंग, इंटर्नशिप तथा एम्पलायमेंट की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र एवं आत्मनिर्भर

**युवा नवाचार**

**नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाकर देश की आर्थिक समृद्धता में अहम योगदान दे रहे**

भारत बनाने में विद्यार्थियों को स्टार्टअप, नवाचार, उद्यमिता, इटर्नशिप के माध्यम से स्वरोजगार की दिशा में अपने कदम बढ़ाने होंगे। कॉलोक्वियम के संयोजक प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज व डॉ. राजन शर्मा व डॉ. सलोनी पी दीवान ने बताया कि विभागाध्यक्ष एवं कॉलोक्वियम के निदेशक प्रो. सुशील शर्मा के निर्देशन व कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 21-22 फरवरी, 2025 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित होने वाले दो दिवसीय में युवा प्रतिभागियों को स्टार्टअप स्थापित करने में शामिल रणनीतिक योजना और निष्पादन में व्यावहारिक अंतदृष्टि एवं दृष्टिकोण प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि विवरणिका में 21-22 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई है। इस मौके पर प्रो. निर्मला चौधरी, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज, डॉ. राजन शर्मा, डॉ. अजय सोलखे, डॉ. जयकिशन चंदेल, डॉ. अनिल खटकड़, डॉ. सलोनी दीवान, डॉ. विवेक, डॉ. उत्कर्ष मंगल व डॉ. भंवर मौजूद रहे।

# दुकान के गल्ले से हजारों रुपये की राशि चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में स्थित दुकान के अंदर गल्ले से हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं सीसीटीवी में दुकान से चोरी करने का संदिग्ध आरोपित कैद हुआ है। पुलिस ने आरोपित की पहचान के प्रयास शुरू कर दिया है।

आर्य नगर निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि उसकी मिशन रोड पर कनव डायपर की दुकान है। वह सामान को दुकानों पर सप्लाई करता है। गत 13 जनवरी की

**चोरी**

**आर्य नगर निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि उसकी मिशन रोड पर कनव डायपर की दुकान है**

शाम को दुकान पर करीब साठ हजार रुपये काउंटर के गल्ले में जमा हो गए। वह काउंटर को लॉक करके साथ वाली दुकान पर चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा। तो दुकान पर शीशे का गेट खुला हुआ पाया गया। उसने अंदर जाकर गल्ले में देखा तो राशि गायब मिला। अपने स्तर पर नकदी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पड़ोसी की दुकान पर लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली। जिसमें एक युवक संदिग्ध हालत में दुकान के अंदर घुसता हुआ पाया गया। उसके बाद मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई मनोज कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी में दिखाई दे रहे संदिग्ध की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द आरोपित की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# सडक सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करें अधिकारी, अन्यथा होगी सख्त कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत, उपायुक्त डॉ मनोज** कुमार ने कहा कि जिला में सडक सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करें। यह आम आदमी की जान की सुरक्षा को लेकर अति महत्वपूर्ण विषय है और सभी विभाग इसमें तालमेल के साथ काम करें। आम लोगों को जागरूक करें और यातायात को नियंत्रित करने में मिलकर कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी सडक एजेंसियां जिला में जहां भी सडक हादसा होता है उसके कारणों का पता लगाकर पुख्ता इंतजाम करवाएं ताकि भविष्य में




कोई हादसा न हो। अगर भविष्य में वहां पर कोई हादसा होता है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने गुरूवार को लघु सचिवालय में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोहरे के चलते एनएच-44 व केएमपी पर तैनात रेस्क्यू व रिस्पांस टीमों व एंबुलेंसों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत वाहनों व लोगों को रिस्क्यू किया जा सके। इसके अलावा उन्होंनें अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कई सडकों पर काबली कीकर व पेड़ों के टहनियां फैलने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी सडकों की जांच कर सडक पर फैली काबली कीकर व पेड़ों की टहनियों की तुरंत कटाई-छटाई करवाएं अन्यथा संबंधित एसडीओ व जेई के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें किसी कार्य के लिए अगर किसी सडका को तोडा है तो वह इसके लिए सडक सुरक्षा कमेटी की अनुमति अवश्य लें अगर कोई विभाग बिना अनुमति के सडक को तोड़ता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

पूरे प्रदेश में सडक सुरक्षा को लेकर सबसे ज्यादा हुई 11 बैठकों व सडक सुरक्षा को लेकर किए गए कार्यों को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह कार्य करते रहें ताकि लोगों को सडक पर चलते समय किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सामाजिक एकता को मजबूती प्रदान करती मुख्यमंत्री सामाजिक

पानीपत , ( कमाल हुसैन ) मुख्यमंत्री सामाजिक समरस्ता अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना के 17 लाभार्थियों को जिला सचिवालय में गुरूवार को एक कार्यक्रम के तहत पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने चेक वितरीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिहं की सोच है कि प्रदेश में अंर्तजातीय विवाह को लेकर जो योजनाएं संचालित की जा रही है उनका लाभ प्रदेश के योजना के पात्रों को मिले।

विधायक ने बताया कि जिला पानीपत में 1200 जोड़ो को मुख्यंत्री सामाजिक समरस्ता अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना का लाभ मिल चुका है। उन्होंने सभी जोड़ो को समृद्ध व खुशहाल जीवन जीने की शुभकामनाएं दी।

विधायक ने कहा कि सरकार




द्वारा संचालित की जा रही इस योजना का लाभ उन्हें पात्रों को मिलता है जो विवाह से पूर्व पंजीकरण कराते है। शादी के बाद पात्रों को ढाई लाख रुपए की मदद दी जाती है। जिसमें सवा लाख रुपए की एफडी व सवा लाख रुपए पात्रों के बैंक खाते में डाले जाते है। जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुडडा ने विधायक का बुके देकर स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना व विभाग द्वारा संचालित की जा रही अन्य कई योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।मुख्यमंत्री सामाजिक समरस्ता अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना का इन्हें मिला लाभ। लाभ पाने वालों में ममता, याशिका, अनुराधा, दिव्या, स्वाती, प्रियंका, तनवी, नैना, पूजा, रीतू, शिवानी, रूपाली, तुलसी, शिवानी,साक्षी, काजल व मनीषा

## न्यूज फ्लैश

### सर्वसम्मति से भाजपा ने नियुक्त किए 13 मंडल अध्यक्ष, मंडल भी 16 से बढ़कर हुए 19

**पानीपत, (;कमाल हुसैन )**
**भाजपा** जिला कार्यालय सेक्टर 6 के परिसर में भाजपा पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जिला चुनाव अधिकारी मीना चौहान की देखरेख में मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। जिला उपाध्यक्ष तेजबीर सिंह ने सभी का स्वागत किया। मंडल चुनाव अधिकारी मेघराज गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला चुनाव अधिकारी मीना चौहान ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी ही नहीं विश्व की सबसे अधिक अनुशासित पार्टी भी है। भाजपा में सभी कर्मठ कार्यकताओं का विशेष सम्मान है और संगठन के चुनाव में भी पार्टी के युवा कर्मठ कार्यकताओं को विशेष महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा अंत्योदय, राष्ट्रवाद और सुशासन की भावना से सभी कार्य करती है ताकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार किया जा सके।

### काबड्डी मंडल के अध्यक्ष बने अतर सिंह प्रजापति

**पानीपत, (कमाल हुसैन ) भारतीय** जनता पार्टी जिला पानीपत के ग्रामीण विधानसभा में काबडी मंडल के मंडल अध्यक्ष की घोषणा हुई जिसमें सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष के रूप में अतर सिंह प्रजापति को काबड़ी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अतर सिंह 2012 से भाजपा के कार्यकर्ता हैं। मंडल अध्यक्ष से पहले जिले में महामंत्री ओबीसी मोर्चा के पद पर काम कर रहे थे। अतर सिंह ने इस जिम्मेदारी के लिए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता का धन्यवाद किया वही जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, चुनाव अधिकारी मीना चौहान, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर , मंडल के चुनाव अधिकारी सरदार तेजवीर सिंह बिट्टू व पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा रहे। वहीं मंडल के साथियों ने लड्डू खिलाकर नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अतर सिंह को बधाई दी। इस मौके पर उनके साथ नरेश प्रजापति व राजपाल मौजूद रहे

### दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो तिरुपति में होगा आयोजित

**नई दिल्ली** : इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) अपने बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण के साथ एक बार फिर लौट रहा है। वर्ष 2023 में आयोजित पहले कन्वेंशन को अभूतपूर्व सफलता मिली थी और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन भी प्राप्त हुआ था। इस वर्ष, आयोजन और भी भव्य स्तर पर होगा और 17 से लेकर 19 फरवरी, 2025 तक आंध्र प्रदेश के पवित्र तीर्थ स्थल तिरुपति में आयोजित किया जाएगा। टेम्पल कनेक्ट (इंडिया) द्वारा विकसित आईटीसीएक्स, दुनिया का पहला विशेष मंच है, जो मंदिरों के प्रबंधन, संचालन और मंदिर अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य मंदिर प्रशासन को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी बनाना और समग्र विकास को बढ़ावा देना है। टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक श्री गिरीश कुलकर्णी के नेतृत्व में आयोजित यह ऐतिहासिक कार्यक्रम आईटीसीएक्स 2025 के अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य प्रसाद लाड के सहयोग से संचालित हो रहा है। यह कन्वेंशन भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'अतुल्य भारत' पहल के तहत समर्थित है और मंदिर पर्यटन व तीर्थयात्रा के क्षेत्र में बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रजिस्ट्रेशन्स निःशुल्क हैं और 31 जनवरी, 2025 तक खुले हैं। मंदिरों के प्रबंधक और प्रतिनिधि इस अनूठे अनुभव का हिस्सा बनने के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रत्येक मंदिर से दो प्रतिनिधियों के लिए कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं होगा और उनके रहने की व्यवस्था भी आयोजन का ही हिस्सा होगी। अतिरिक्त ट्रस्टी भी नाममात्र शुल्क पर शामिल हो सकते हैं और समिति का हिस्सा बनकर गहन अंतर्दृष्टि और नए संपर्कों का लाभ उठा सकते हैं। यह कन्वेंशन मंदिर प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण स्तंभों पर केंद्रित रहेगा, जिसमें सुरक्षा और निगरानी प्रणाली, कोष प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे अहम विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही, स्वच्छता और खाद्य वितरण (विशेष रूप से बड़े पैमाने पर भंडारे आदि) के मानकों को बेहतर बनाने पर भी विचार किया जाएगा।

# पोलिंग पार्टी व सुपरवाईजर की होती है अहम भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा सिख गुरूद्वारा** प्रबंधक कमेटी के चुनाव को निर्भीक, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता पूर्वक कराने को लेकर निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मद्दप्रकाश ने गुरूवार को जिला सचिवालय में पोलिंग पार्टी सदस्य व सुपरवाईजर, डयूटी मजिस्टेट को चुनाव संबंधी जानकारियां दी व चुनाव में विवेक व संयम से कार्य करने के निर्देश दिए। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में पोलिंग पार्टी, सुपरवाईजर व डयूटी मजिस्टेट की अहम भूमिका होती है। हमें अपनी डयूटी को ईमानदारी व निष्पक्षता के साथ करना है। चुनाव को बेहतर तरीके से कराने



को लेकर निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व पोलिंग पार्टी को बेहतर तरीके से मोक पोल करवाना है। जिस चुनाव में मोक पोल बेहतर होता है उसमें कभी रिपोल नहीं होता। हमें इस पर विशेष ध्यान केंद्रित करना है। निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान पोलिंग पार्टी के सदस्यों व सुपरवाईजरों को चैलेंज वोट, टेडंर वोट के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि 16 दस्तावेज वोट के लिए पर्याप्त है। इनसे वोटर का परिचय है। हमें इस पर ध्यान रखना है। हमें चुनाव में पूरी अहतियात बरतनी है व किसी के साथ भी दूर व्यवहार नहीं करना है। इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि किसी भी तरह का चुनाव से संबंधित प्रश्न रेज न हो। निर्वाचन अधिकारी ने सभी पोलिंग स्टेशनों पर मास्टर टेनर रहेंगे। यदि ईवीएम में किसी भी तरह की परेशानी आती है तो उसका तत्काल समाधान किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों के सदस्यों को समन्वय स्थापित कर-के इस चुनाव को अपनी जॉब का हिस्सा समझ कर करना है। बोझ समझ कर नहीं करना है। उन्होंने सभी पोलिंग पार्टी के सदस्यों व सुपरवाईजरों को बेहतर तरीके से चुनाव कराने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# परंपराओं ने गरीब परिवारों का बहुत कुछ उजाड़ाः रावल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**दहेज के खिलाफ ना** तो कोई बोलना चाहता है ना ही कोई सुनना चाहता है क्योंकि इसमें हम सब अपना अपना स्वार्थ देखते है !जहेज प्रथा नहीं लोगों की सोच को इतना खोखला कर दिया है !यह अब कोई नई बात नहीं रह गई है कि जहेज एक सामाजिक बुराई है और इसके लिए बहुत ही जघन्य अपराध होते हैं !इस समाज में विवाहों में जहेज को भेंट के रूप में देखा जाता है लेकिन इसकी वजह से बहुत से घर बिखर जाते हैं ! अफसर रावल ने कहा परंपरा के इस पहलू ने गरीब परिवारों का बहुत कुछ उजाड़ा है ! समाज में बहुत से परिवार ऐसे भी होते हैं जो पहले जहेज तो नहीं लेते हैं लेकिन शादी हो जाने के बाद लड़की को बहुत ही परेशान करते हैं दहेज के लिए !जहेज प्रथा महिलाओं के खिलाफ अपराध को भी जन्म देती हैं ! इसमें भावनात्मक शोषण और चोट से लेकर मौत तक शामिल है !सरकार ने दहेज प्रथा को हटाने के लिए कानून लागू तो कर दिया फिर जहेज लेना बंद नहीं हुआ है ! क्या सरकार या समाज को इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत कभी लगती हैजहेज को समाप्त करना है तो लोगों की सामाजिक और नैतिक चेतना को प्रभावी बनाना होगा।

# डॉ. शशि प्रभा मलिक ने प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**स्थानीय** आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग की दीनबंधु छोटू राम विज्ञान व प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति होने पर कॉलेज उप प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक को प्राचार्य पद का कार्यभार दिया गया । इस अवसर पर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण मिगलानी, रवि गोसाईं , परमवीर धींगरा, रमेश नागपाल एवं प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने पुष्प गुच्छ भेंट कर प्राचार्या का स्वागत किया ।

# 19.88लाख रूपए लेकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने फर्म के 19.88 लाख रूपए लेकर भागने वाले आरोपी सुपरवाइजर को सिवाह बस अड्डा के पास से काबू किया। मालिक ने सुपरवाइजर को उक्त नगदी देकर फर्म के खाते में जमा करवाने के लिए बैंक भेजा था। आरोपी पूरी नगदी लेकर फरार हो गया था। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि थाना शहर में न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी पूरन लाल ने शिकायत देकर बताया था कि उसके बेटे नकूल ने पचरंगा बाजार में फर्म जैसाराम खुशीराम नाम से दुकान



की हुई है। जिसमें कंबल का शौरूम है। दुकान पर रमेश पुत्र अमरलाल निवासी अयोध्यापुरी करीब 6 महीने से सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा है। 6 जनवरी को दोपहर करीब 1:50 बजे उसने रमेश को 19.88लाख रूपए देकर संजय चौक पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक में फर्म के खाते में जमा करवाने के लिए भेजा था। रमेश फर्म की बाइक पर सवार होकर बैंक गया था।

जब काफी देर तक वापिस नही आया तो उन्होंने रमेश को फोन किया जो बंद मिला। इसके बाद तलाश के लिए बैंक व उसके घर गए जो कही नही मिला। रमेश बदनीयत से फर्म के पैसे व बाइक लेकर भाग गया। थाना शहर में पूरन लाल की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच व आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर 10 जनवरी को आरोपी रमेश को सिवाह स्थित बस अड्डा के पास से काबू किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया पैसे देख उसकी नीयत खराब हो गई थी। वह महंगे शौक पूरे करने के लिए मालिक के पैसे लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल कर उसकी निशानदेही पर 17.50लाख रूपए व फर्म की बाइक बरामद की। 2.38लाख रूपए आरोपी ने खाने पीने व एशो आराम में खर्च कर दिए। पुलिस ने 17.50लाख रूपए व फर्म की बाइक बरामद कर रिमांड अवधी पूरी होने पर 13 जनवरी को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# सीएससी सेंटर में लूट करने वाले दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने बाबरपुर गांव स्थित सीएससी सेंटर में लूट करने वाले दो आरोपियों को बुधवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर पेप्सी पुल के पास से काबू किया। आरोपियों की पहचान सन्नी उर्फ शेरा निवासी बाबरपुर व सत्यावन उर्फ शक्ति निवासी कचरौली के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों शराब पीने के आदी है। 13 जनवरी को दोनों ने इक्कठे बैठकर पूरा दिन शराब पी।



सायं के समय पैसे खत्म होने पर दोनों आरोपियों ने बाबरपुर स्थित सीएससी सेंटर में लूट करने की साजिश रची। दोनों आरोपी दराती नुमा लोहे की पत्ती लेकर बाइक पर सवार होकर सीएसएसी सेंटर पहुंचे और अंदर घुसकर महिला कर्मी से लोहे की पत्ती की नोक पर 26 हजार 700 रूपए लूट कर फरार हो गए। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपियों ने लूटी गई नगदी में कुछ पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बचे 25 हजार रूपए व वारदात में प्रयुक्त एक प्लसर बाइक बरामद कर वीरवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। थाना सदर में रजनी पत्नी रमन निवासी बाबरपुर ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह गांव में सीएससी सेंटर पर काम करती है। 13 जनवरी की देर शाम करीब 5:30 बजे गावं निवासी सन्नी पुत्र राजू व कचरौली निवासी शक्ति पुत्र रणजीत सीएससी सेंटर में आए और दराती की नोक पर 80 हजार रूपए छीनकर ले गए। थाना सदर में रजनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# सडक हादसे में मां-बेटे समेत तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** ढांड-नीलोखेड़ी रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने सामने से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। गुरमीत सिंह अपनी मां मन्नी देवी और चार वर्षीय बेटे ग्रिथ सिंह के साथ अपनी बहन पिंकी के घर से लौट रहे थे। जब वह गांव सिद्धपुर अड्डा के पास पहुंचे, एक काले रंग की कार तेज रफ्तार और लापरवाही से रांग साइड में आई और उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। यह हादसा 13 जनवरी को घटित हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गुरमीत सिंह, उनकी मां और बेटा सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचित किया। पुलिस की गाड़ी ने तीनों घायलों को नीलोखेड़ी के सीएचसी में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उनकी हालत को गंभीर बताते हुए करनाल रेफर कर दिया गया। फिलहाल तीनों घायलों का करनाल में इलाज जारी है। गुरमीत सिंह ने बयान में बताया कि वह आरोपी कार ड्राइवर को पहचान सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार ड्राइवर नामालूम है, लेकिन पहचान के दौरान वह उसे पहचानने में सक्षम हैं। उनकी शिकायत के आधार पर थाना बुटाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बच्चों के लिये निशुल्क कम्पूटर कोर्स व डिजीटल लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**परमार्थ शिक्षा** समिति तरावड़ी की ओर से अंजनथली रोड़ पर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये निशुल्क कम्पूटर कोर्स व डिजीटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ विकास यादव जिला कार्यवाहक आरएसएस द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके साथ महाराज चैतन्यपुरी , कुलदीप जिला संगठन आरएसएस मौजूद थे। विकास यादव जिला कार्यवाहक आरएसएस ने कहा कि शहर मे गरीब परिवार के बच्चों यहां पर



पढनें व सिखने को बहुत कुछ पाठय सामग्री मिलेगी। परमार्थ शिक्षा समिति ने यह अच्छी पहल की है।

उन्होने समिति के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम मे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। परमार्थ शिक्षा समिति तरावड़ी के अध्यक्ष मनोज वत्स ने बताया कि निशुल्क कम्पूटर कोर्स व डिजीटल लाइब्रेरी खोलने का मुख्य उद्वेश्य गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा दिलाना है।

# कनाडा भेजने के नाम पर 24 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में कनाडा** भेजने के नाम पर महिला से 24 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने उससे सिक्योरिटी के तौर पर पैसे लिए थे, लेकिन न विदेश भेजा और न पैसे वापस किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नीलोखेड़ी निवासी मीनाक्षी ने शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने बेटे योगेश को कनाडा भेजने के लिए सुभाष शर्मा को 24 लाख रुपए दिए थे। इसमें से 15 लाख रुपए का चेक और 9 लाख रुपए कैश दिया था। आरोपी ने इस लेनदेन के लिए अपनी दुकान का लेटरपैड इस्तेमाल किया और जानबूझकर गुमराह करने के लिए फर्जी स्टांप और साइन का सहारा लिया। मीनाक्षी ने कहा कि जब पैसे वापस मांगे गए तो वह हर दिन बहाने बनाता रहा। 45 दिन से अधिक समय से आरोपी टालमटोल कर रहा है और अब फोन तक नहीं उठा रहा। पीड़िता और उनके परिवार ने इस धोखाधड़ी के कारण मानसिक और आर्थिक परेशानी झेली है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उनकी रकम वापस दिलवाई जाए। नीलोखेड़ी चौकी इंचार्ज गुरबचन सिंह ने बताया कि पीड़िता ने 24 लाख रुपए की ठगी का आरोप सुभाष पर लगाया है।

# 12 अवैध कॉलोनियों में 5 अवैध निर्माणों को तोडकर धवस्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जिला नगर योजनाकार** की ओर से गत दिवस विभिन्न 12 अवैध कॉलोनियों में 5 अवैध निमार्णों को तोडकर धवस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार सुनील अंतिल ने जानकारी देते हुए बताया कि सिवाह, पसीना खुर्द, रिसालु, उझा, उग्राखेड़ी, झाजपुर खुर्द, बहरामपुर, छाजपुर कला और राजाखेड़ी गांव के करीब 34 एकड़ रकबे में यह अवैध कॉलोनियों बसाई जा रही हैं। जिनमें से विभिन्न सडक, पक्के रोड़, सीवर लाईन, निमार्णाधीन



घर, चार दिवारी और विभिन्न गोदामों सहित डीपीसी को तोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जिला में यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। इसलिए कोई भी आम नागरिक अवैध कॉलोनियों में प्लाट ना खरीदे और ना ही इनमें घर या अन्य निर्माण ना करें। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लाट लेने से राजस्व के नुकसान के साथ-साथ आमजन को भी नुकसान उठाना पड़ता है।

# आदर्श नगर: संजय एन्क्लेव में कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने किया जनसंपर्क

## ● शिवांक सिंघल ने सुनीं लोगों की समस्याएं, जनता से किए हर वादे को करूंगा पूरा ● जनता भी शिवांक सिंघल को दे रही भरपूर प्यार और जीत का आशीर्वाद








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दि**ल्ली विधानसभा चुनाव में विभिन्न पार्टी के प्रत्याशी जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। डोर-टू-ड्रोर कैंपन, जनसंपर्क अभियान के साथ बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में आर्दश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल भी क्षेत्र में अपनी मौजदूगी बढ़ा रहे है। कड़कड़ाती ठंड में भी शिवांक सिंघल जनता के बीच देखे जा रहे हैं। शिवांक क्षेत्र की समस्या को सुनते हैं और जनता-जर्नादन को आश्वासन देते हैं कि अगर चुनाव जीतूंगा तो क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करूंगा। वहीं, दादा और कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगत राम सिंघल द्वारा किए गए कामों को लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

**जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का मिल रहा भरपूर प्यार: शिवांक सिंघल**

पदयात्रा के साथ-साथ डोर-टू-डोर



अभियान कर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे है। जनता भी शिवांक सिंघल को अपना भरपूर प्यार दे रही है। साथ ही अपने बीच पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल को पाकर क्षेत्रीय जनता में भी काफी खुशी है। हर कोई शिवांक सिंघल और मंगत राम सिंघल का फूल-मालाओं से जहां स्वागत कर रहे, वहीं जनसमर्थन का भी वादा कर रहे हैं।

**लोगों से घर घर जाकर जनसंपर्क कर रहे शिवांक सिंघल :** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है और कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति वाकिफ है। दिल्ली की वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ जुमले दिए।
शिवांक ने कहा कि कांग्रेस ने ही दिल्ली में विकास कार्य किए है और मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद अमलीजामा पहनाउंगा। शिवांक सिंघल ने जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याओं से वाकिफ हुए और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**केजरीवाल सरकार ने सिर्फ अपना विकास किया**

जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने आम आदमी पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने सिर्फ घोटाले किए और सिर्फअपना विकास किया। जुमलों की पार्टी बनकर रह गई है आम आम आदमी पार्टी।
आम आदमी पार्टी के कई नेता घोटालों में जेल की हवा खा चुके हैं। इस बार आम आदमी पार्टी को दिल्ली की जनता सबक सिखाएगी।




# बुराड़ी से शैलेंद्र को मिली टिकट, आज भरेंगे नामंकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने चौथी लिस्ट भी जारी कर दी है। जिसमें कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से जेडीयू और भाजपा के गठबंधन उम्मीदार शैलेंद्र कुमार को टिकट मिला है। जिसके बाद भाजपा व जदयू के कार्यकर्ताओं ने शैलेंद्र को बधाई दी। इस मौके पर शैलेंद्र कहा कि बुराड़ी क्षेत्र से पुनः टिकट देने पर मैं पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि वैसे भाजपा और जदयू में कोई अंतर नहीं है और हम तो पहले से ही नारा लगाते आए है कि तीर ही कमल है और कमल ही तीर है। शैलेंद्र ने कहा कि



बुराड़ी क्षेत्र की जनता पिछले दस सालों से बुनियादी सुविधाओं सहित पीने के पानी तक के लिए तरसी है और क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं की ओर कभी ध्यान नहीं दिया है, जिसके चलते क्षेत्र की जनता सालों से अनेकों तरह की परेशानियों से त्रस्त हैं। लेकिन क्षेत्र की जनता इस बार बुराड़ी में एक बड़ा बदलाव देखना चाहती है और इस बार विधायक संजीव झा की जमानत तक जब्त होने वाली है।



जदयू के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने टिकट मिलने पर शैलेंद्र कुमार का मुहं मिठा करवाकर बधाई देते हुए कहा कि गठबंधन से चुनाव लड़ रहें शैलेंद्र कुमार के साथ भाजपा व जदयू का एक-एक कार्यकर्ता तन मन धन से पार्टी के लिए काम करते हुए शैलेंद्र की जीत निश्चित करेंगे। गुप्ता ने कहा कि बुराड़ी की जनता ने भी हुंकार भरदी है और इस बार शैलेंद्र को भारी मतो से विजय दिलाकर क्षेत्रीय विधायक के रूप में चुनेंगे।

# दिल्ली को केजरीवाल सरकार ने बनाई नशे की राजधानी: श्याम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली में** कांग्रेस के शासनकाल व तत्कालीन स्वर्गीय शीला दीक्षित के नेतृत्व में दिल्ली में काफी तेजी से विकास कार्य किए जाते रहे थे। अगर हम यह भी कहें की दिल्ली को पहचान देने वाली शीला दीक्षित ही थी तो यह कहना भी गलत नही होगा। लेकिन जब से दिल्ली में केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, तब से दिल्ली का विकास शुन्य हो गया है और अब ऐसा लगता है कि केजरीवाल की शराब नीति की वजह से दिल्ली देश की नही नशे की राजधानी बन गई हो।



उक्त सभी बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कही।
इसके साथ ही श्याम सिंह ने कहा कि इस पिछले दस सालों में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर एक नई ईंट तक नही लगाई है। उन्होंने कहा पिछले दस सालो से क्षेत्रीय विधायक संजीव झा क्षेत्र से गायब रहे है और अब जब विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है तो विधायक अपने घर से निकल कर वोट मांगने निकले है। श्याम सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार बुराड़ी से कंग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी को जीताकर विधायक बनाने का निर्णय ले चूकि है और इस बार भारी मतो से विजया दिलाने का फैसला क्षेत्र की जनता पहले ही ले चूकि है।

# भाजपा के 22 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन किए दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आगामी** विधानसभा चुनाव हेतू आज दिल्ली भाजपा के 22 उम्मीदवारों ने अपने अपने नामांकन विजय मुहुर्त में दायर किए। ढ़ोल नगाड़ों के साथ समर्थकों के जनसैलाब उमड़ने की तस्वीरें इस बात की गवाह हैं की इस बार दिल्ली में परिवर्तन होने जा रहा है और दिल्ली की जनता वर्तमान आप-दा सरकार को पूरी तरह से नाकार रही है। करवाल नगर से भाजपा प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने सांसद मनोज तिवारी की उपस्थिती में। उत्तम नगर से पवन शर्मा ने सांसद रवि किशन की उपस्थिति।



गांधीनगर से सरदार अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली भाजपा प्रभारी बैजयंत जय पांडा की उपस्थिति में। मॉडल टाउन से भाजपा प्रत्याशी अशोक गोयल ने राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह की उपस्थिति में। कृष्णा नगर से डॉ अनिल गोयल ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन की उपस्थिति में। मोती नगर से हरीश खुराना एवं आर के पुरम से अनिल शर्मा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर एवं सांसद बाँसुरी स्वराज की उपस्थिति में। मुस्तफाबाद से मोहन सिंह बिष्ट ने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी की उपस्थिति में। जनकपुरी से आशीष सूद ने सांसद रवि किशन एवं कमलजीत सहरावत की उपस्थिति में। राजौरी गार्डन से सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने और तिलक नगर से श्वेता सैनी ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं कमलजीत सहरावत की उपस्थिति में। बादली से दीपक चौधरी और मुंडका से गजेन्द्र दराल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बाल्यान की उपस्थिति में।

# केजरीवाल की आय 40 गुणा कैसे बढ़ी स्पष्ट करें: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में कहा है की दिल्ली की जनता पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर चुनाव हलाफनामे को देख कर थोड़ा स्तब्ध हैं। पत्रकार सम्मेलन का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और कहा की हम आज कोई आरोप नही लगा रहे हैं, दिल्ली वालों को विश्वास नही हो रहा एक सेवानिवृत्त अधिकारी जो मुख्यमंत्री रहा है। विधायक है उसकी आय सिर्फ औसतन 2.5 लाख रूपए कैसे हो सकती है। प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक नितिन त्यागी भी पत्रकार वार्ता में उपस्थित



थे। अरविंद केजरीवाल 2013 में विधायक चुने गये थे, कार्यकाल 4 नवम्बर 2014 तक चला था और फिर फरवरी 2015 से लगातार विधायक हैं। अरविंद केजरीवाल 2013-14 के अपने आयकर रिटर्न मैं विधायक आमदनी को अपना मूल आय स्त्रोत बताते हैं। आश्चर्य की बात यह है की वह 2013-14 वित्त वर्ष में 2 माह का मुख्य मंत्री का वेतन एवं भत्ते और फिर मार्च 2014 से 2014-15 वित्त वर्ष में 4 नवम्बर तक उन्हे विधायक का सामान्य वेतन एवं भत्ते मिले होगें।
अरविंद केजरीवाल फरवरी 2015 में पुनः विधायक चुने गये और उन्हे 2014-15 में दो माह और फिर वित्त वर्ष 2015-16 से 17 सितम्बर 2024 को इस्तीफा देने तक मुख्यमंत्री का वेतन एवं भत्ते मिले होंगे।
तत्पश्चात हलाफनामा फाइल करने या आज तक उन्हे विधायक का वेतन मिल रहा होगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की फरवरी 2023 में वेतन भत्ते वृद्धि से पूर्व में दिल्ली में तत्कालीन मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को 72,000 रूपए प्रति माह मिलता होगा जो वृद्धि के बाद 1,70,000 रूपए प्रति माह मिला होगा। इसी तरह जब वह पूर्व में 2014-15 में 7 माह सामान्य विधायक रहे तो उन्हे 55,000 रूपए का वेतन एवं भत्ते मिले होंगे।

# कांग्रेस की सरकार बनते ही दिल्ली में दोगुनी रफ्तार से होगा विकास: मंगेश त्यागी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी लगातार क्षेत्र की जनता के साथ बैठकें कर जनसंपर्क कर रहे हैं। इस कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के गढ़ी में क्षेत्रीयों लोगों के साथ जनसंपर्क कर संवाद किया। इस दौरान मंगेश के साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, साथ ही क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने मंगेश का स्वागत भी किया। जनसंवाद के क्षेत्र की जनता ने दैनिक जीवन में हो रहीं असुविधाओं को लेकर मंगेश को अवगत करवाया। इसके साथ ही लोगों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने क्षेत्र के लोगों को अपने फायदे के लिए लिए वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया है, लेकिन इस बार हम क्षेत्रवासी वोटबैंक की तरह इस्तेमाल नहीं होने वाले है और हम लोग विधायक संजीव झा का कड़ा विरोध करते हैं। इस मौके पर मंगेश ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि इस बार मेरे विधायक बनते ही में सबसे पहले क्षेत्र में जो टूटी-फूटी सड़कों, पीने के पानी की समस्या, सीवर जाम की समस्या और लचर पड़ी हुई सफाई व्यवस्था को लेकर काम करूंगा। मंगेश ने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता बुराड़ी में एक बड़ा बदलाव लाना चाहती है। क्षेद्ध की जनता बुराडी के आप विधायक संजीव झा की कामचोरी से तंग इस चूकी है और इस बार बुराड़ी की जनता अपने लिए नहीं बल्कि अपने और देश के उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस के साथ खड़ी है।

# मायावती ने पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## कहा, कार्यकर्ताओं को तन मन और धन से कमर कसना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान पार्टी का जनाधार बढ़ाने की ठोस रणनीति पर गहन चर्चा हुई। मायावती ने पार्टी को आर्थिक मजबूती देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में उनके भतीजे आकाश आनंद और ईशान आनंद भी मौजूद रहे। इस दौरान मायावती ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा, कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दलों से अलग हमारी पार्टी बसपा ईमानदार कार्यकर्ताओं के बल पर चलती है, न कि



धनवानों के सहारे। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी में कानून-व्यवस्था के नाम पर ज्यादातर गरीब, असहाय और मेहनतकश लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। प्रदेश सरकार को इस ओर संवेदनशील होना चाहिए और संवैधानिक धर्म का भी दायित्व निभाना चाहिए।

उन्होंने विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा और अब भाजपा सरकार के रवैये से

**दिशा-निर्देश**

▶▶ ठोस रणनीति पर गहन चर्चा हुई। मायावती ने पार्टी को आर्थिक मजबूती देने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए

साफ है कि उनका दलित प्रेम महज दिखावा है। अगर वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2023-24 में 1.22 करोड़ बच्चे स्कूलों में कम नामांकित हुए हैं तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? इससे किसका अधिक नुकसान है। उन्होंने देश में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी सरकार को घेरा। बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को तन मन और धन से कमर कसना होगा।

**ईशान को लेकर चर्चा तेजः** बसपा अध्यक्ष के भतीजे आकाश आनंद पहले से पार्टी में सक्रिय हैं। लेकिन अब ईशान आनंद के बुधवार का पत्रकार वार्ता में रहने और गुरुवार को बैठक में पहुंचने से अब राजनीतिक गलियारे में चचाओं का दौर शुरू हो गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या बसपा प्रमुख जल्द ही ईशान आनंद को सियासत के मैदान में उतार सकती हैं।

# गैंगस्टर काशीनाथ की 6.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क होगी, सीपी ने दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः** चोलापुर कोहासी निवासी चर्चित सक्रिय गैंगस्टर काशीनाथ सिंह की जरायम से कमाई गई 6.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क होगी। इसके लिए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने आदेश दिया है। 6,20,53,095 रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्ति को गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत कुर्क किया जाएगा। काशीनाथ और उसके गैंग पर कूटरचना कर जमीन हड़पने, धोखाधड़ी करने समेत कई तरह के अपराध करने का आरोप है। जिससे गिरोह ने पिछले 30 सालों में करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार काशीनाथ सिंह ने पिछले तीन दशकों में अपने गिरोह के साथ मिलकर अवैध तरीकों से बड़ी संपत्ति जुटाई थी।



कुर्क होने वाली संपत्तियों में आवासीय भूमि, बैंक खाता, बीमा पॉलिसी, भवन और वाहन शामिल हैं। काशीनाथ सिंह पर हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, जालसाजी, धमकी, और गिरोहबंद गतिविधियों समेत 15 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। वर्ष 1989 में धारा 307

**कार्रवाई**

▶▶ 6,20,53,095 रुपये मूल्य की चल-अचल संपति को गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत कुर्क किया जाएगा।

के तहत दोषी पाए जाने पर उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि यह कदम काशी में अपराधियों पर शिकंजा कसने और उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई के लिए उठाया गया है। काशीनाथ सिंह जैसे गैंगस्टरों के खिलाफ इस तरह की कठोर कार्रवाई अपराध मुक्त समाज की दिशा में अहम साबित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्लिपकार्ट ने महा कुंभ में किया यूपी की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने महा कुंभ मेला 2025 में राज्य की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) विभाग से गठजोड़ किया है।

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक हो रहा महा कुंभ मेला 2025 दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। महा कुंभ मेला में फ्लिपकार्ट समर्पित बूथ एवं स्टॉल्स के माध्यम से अन्य सांस्कृतिक प्रयासों के साथ-साथ ओडीओपी पहल को प्रदर्शित कर रही है। 2020 में ओडीओपी




प्रोग्राम के साथ फ्लिपकार्ट की साझेदारी ने अब तक उत्तर प्रदेश में वंचित समुदायों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समर्पित माइक्रोसाइट की लॉन्चिंग, ऑनलाइन ट्रेनिंग और कारोबार को सस्टेनेबल तरीके से बढ़ाने के लिए जरूरी टूल्स से लैस करने के लिए स्किल इंडिया जैसी पहल से गठजोड़ करते हुए फ्लिपकार्ट ने स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों का समर्थन किया है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, उत्तर प्रदेश के ओडीओपी प्रोग्राम के साथ साझेदारी के माध्यम से हमने स्थानीय कारीगरों एवं एमएसएमई को उनका कारोबार बढ़ाने और उन्हें देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में सक्षम बनाया है। हमारे ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म पर उत्तर प्रदेश सरकार के ओडीओपी प्रोडक्ट्स में 60 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि के साथ इस साझेदारी ने पूरे उत्तर प्रदेश के वंचित समुदायों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त करने और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में ओडीओपी जैसी पहल को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सहयोग के लिए आभारी हैं। महा कुंभ 2025 में फ्लिपकार्ट का स्टॉल कारीगरों, बुनकरों और एमएसएमई को देशव्यापी बाजार तक पहुंच प्रदान करते हुए उन्हें सशक्त करने और सतत आजीविका को बढ़ावा देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इन प्रयासों का उद्देश्य अद्वितीय शिल्प एवं उत्तर प्रदेश के विविधतापूर्ण उत्पादों को वैश्विक ग्राहकों तक पहुंचाना और स्थानीय समुदायों के आर्थिक विकास का समर्थन प्रदान करना है।

### होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई CB650R और CBR650R

**करनाल। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई)** ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल CB650R और CBR650R लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी। ग्राहक अब इन नई बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नए मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेंगे। इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हमें भारत में CB650R और CBR650R के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है। एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, CB650R और CBR650R को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्ड तकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं।

### अलाव ताप रहे होमगार्ड की आग में झुलसने से मौत

**जालौनः जालौन** जिले के कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग में एक दर्दनाक घटना घटी। यहां 58 वर्षीय होमगार्ड पर्वत सिंह अलाव ताप रहे थे, तभी आग की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गए। उन्हें तुरंत झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि, बीती रात पर्वत सिंह अपने आंगन में अलाव जलाकर ताप रहे थे। तभी अचानक आग की चपेट में आकर वह गम्भीर रूप से झुलस गए।

# नगर निगम कार्यकारणी की बैठक में जलकल का 4.32 अरब रुपये पास

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुरः नगर** निगम की कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में 10 करोड़ रुपए के 51 विकास कार्यों के प्रस्ताव को पास किया गया। धार्मिक स्थलों के विकास के लिए एक 1.85 करोड़ रुपए मिले, बैठक में पुनरक्षित बजट के साथ ही 2025-26 का मूल बजट भी पास कर दिया गया। साथ ही जलकल का चार अरब 32 करोड़ 99 लाख रुपये मूल बजट पास हुआ है। पार्षद की निधि 33 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई है। महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त सुधीर कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में हुई इस बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस वर्ष नौ



अरब से ज्यादा नगर निगम ने विकास के लिए बजट रखा है। 2024-25 में 19 अरब 47 करोड़ से बढ़ाकर 28 अरब 53 करोड़ रुपये बैठक में रखा गया। सर्वप्रथम इस बैठक में मुख्य अभियंता द्वारा 10 करोड़ रुपए के 51 विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा गया। जिसे कार्यकारिणी की बैठक में पास कर दिया गया। महापौर प्रमिला पांडेय ने विज्ञापन से जुड़े अधिकारियों की क्लास लगाते

**प्रस्ताव**

▶▶ लियाकत अली ने बैठक के दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे प्रस्तावों साजिशन हटा दिया जाता है।

हुए कहा कि विज्ञापनों से केवल तीन करोड़ की वसूली ही हो पाई है। जो काफी चिंता का विषय है जबकि अन्य शहरों की कमाई इससे कई गुना ज्यादा है। जिस पर अधिकारियों ने जवाब देते हुए कहा कि अधिकतर मामलों की कोर्ट में सुनवाई हो रही है इसलिए वसूली नहीं हो पा रही है। जिस पर महापौर ने सख्त रवैया अपनाते हुए कहा कि विज्ञापनों की नई नियमावली के आधार पर वसूली की जाएगी। इस बजट में महापौर ने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 1.85 लाख रुपये पास किये है। साथ ही पार्षद निधि की 33 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की है। वहीं विपक्षी पार्षदों फैजान रहमान और लियाकत अली ने कार्यकारिणी बैठक के दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे प्रस्तावों साजिशन हटा दिया जाता है। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य उपसभापति यशपाल सिंह सदस्य दीपक शर्मा, मंजू पाल, अभिषेक गुप्ता मोनू, योगेंद्र शर्मा, पवन पांडेय, धीरेंद्र सोनकर, फैजान रहमान समेत नगर निगम के तमाम आला अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# उप्र : मऊ के अखिलेश सिंह बने असम के कानून व्यवस्था प्रमुख

**टीम एक्शन इंडिया**
**मऊः उत्तर** प्रदेश मऊ के मधुबन क्षेत्र के छोटे से गांव मुरारपुर के साधारण परिवार में जन्मे अखिलेश कुमार सिंह ने जिले के साथ ही उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें असम का कानून व्यवस्था प्रमुख बनाया गया है। इससे पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। जिले के मधुबन क्षेत्र के एक छोटे से गांव मुरारपुर में जन्मे अखिलेश कुमार सिंह के पिता कृष्ण मुरारी सिंह प्रधान अध्यापक थे। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के बाद डीएवी से

**रोशन किया**

▶▶ उन्हें असम का कानून व्यवस्था प्रमुख बनाया गया है। इससे पूरे जिले में हर्ष का माहौल है।

इंटरमीडिएट किया। उसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए, और एमए किया। वर्ष 2003 में वे आईपीएस बने। वर्ष 2014 में उल्फा के विरुद्ध अभियानों के लिए उन्हें राष्ट्रपति के वीरता पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके बाद वे असम के अलग-अलग जिलों में पुलिस अधीक्षक और रेंज में डीआईजी रहे। शारदा कांड में ममता बनर्जी के चार मंत्रियों को गिरफ्तार कर राष्ट्रीय पटल पर काफी चर्चा में आए। उधर डीएवी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता ऋषिकेश पांडे ने बताया कि अखिलेश कुमार सिंह शुरू से ही अनुशासित और मेहनती छात्र रहे हैं।

उनके मित्र अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि वह काफी सरल स्वभाव के हैं।

### महाकुंभ: महिला सफाई कर्मचारी के छूए पैर, वायरल हुई तस्वीर

**महाकुंभ नगरः महाकुंभ** मेला क्षेत्र की एक तस्वीर गुरुवार को तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें एक युवक मेला क्षेत्र में साफ–सफाई कर रही महिला कर्मी का पैर छू रहा है। सम्मान से अभिभूत दिख रही महिला कर्मचारी भी युवक को आशीर्वाद दे रही है। तस्वीर को लेकर लोग सोशल मीडिया में जमकर कमेंट कर रहे है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने कमेंट किया, "आज की सबसे बेहतरीन तस्वीर।" तो दूसरे ने लिखा कि "भाई ने दिल जीत लिया।" महाकुंभ में आमतौर पर श्रद्धालु संतों, कथावाचकों और नागा साधुओं का पैर छूते दिख जाते हैं लेकिन महिला सफाई कर्मी का पैर छूना दुर्लभ ही दिखता है। हालांकि सफाई कर्मियों का पैर धोकर खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ा संदेश दिया था।

# योगी पीएसी के नव निर्मित भवन का करेंगे उद्घाटन

## मुख्यमंत्री कुंभ की तैयारियों और कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार अपराह्न दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। दौरे में मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में विकास कार्यों, महाकुंभ की तैयारियों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रामनगर पीएसी के नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन भी कर सकते है। इसके बाद वे कालभैरव मंदिर, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के साथ महाकुंभ से आए श्रद्धालुओं से संवाद कर सकते है। मुख्यमंत्री देर शाम शहर में भ्रमण कर रोपवे निर्माण कार्य का जायजा भी ले सकते है। इसके बाद सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम कर अगली सुबह समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे लखनऊ के लिए रवाना होंगे। उधर, रामनगर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देख अफसरों ने वहां तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इसके पहले पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने देर शाम पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर सुरक्षा तैयारियों को अन्तिम रूप दिया। पुलिस कमिश्नर ने वीआईपी मार्ग पर पड़ने वाली गलियों और कट पर भीड़ नियंत्रण के लिए रस्सों का प्रयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी ड्यूटी



**संवाद**

▶▶ मुख्यमंत्री देर शाम शहर में भ्रमण कर रोपवे निर्माण कार्य का जायजा भी ले सकते है

प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करें। अपने साथ पर्याप्त मात्रा में रस्से, लाउड-हेलर रखें। वीआईपी कार्यक्रम स्थल व भ्रमण मार्ग पर सीसी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था हो। सीपी के ब्रीफिंग में संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय व अपराध डॉ. के. एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून व व्यवस्था डॉ एस चन्नपा भी मौजूद रहे।

# जब खाकी को खुद की मदद के लिए पुलिस लाइन में बुलानी पड़ी डायल 112

**टीम एक्शन इंडिया**
**झांसीः पुलिस** लाइन में बीती रात आश्चर्यजनक घटनाक्रम सामने आया। देर रात तक चले इस हाईप्रोफाइल ड्रामे में क्राइम ब्रांच में तैनात एक इंस्पेक्टर को अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस लाइन में डायल 112 बुलानी पड़ी। पुलिस लाइन पहुंची डायल 112 की पीआरवी पीड़ित निरीक्षक को लेकर थाना नवाबाद छोड़ आई। निरीक्षक ने लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। झांसी अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर मोहित यादव ने नवाबाद थाना में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने छुट्टी के लिए एप्लिकेशन दी थी। लेकिन उस आवेदन को उच्चाधिकारियों तक नहीं पहुंचाया गया। इंस्पेक्टर का आरोप है कि



बीती देर शाम वह प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय पहुंचा और उनसे अपनी छुट्टी की एप्लिकेशन अधिकारियों तक न पहुंचाने का कारण पूछा तो उसके साथ धक्का मुक्की करते हुए अभद्रता करते हुए मारपीट की जाने लगी। इसकी सूचना उसने तत्काल डायल 112 को दी। सूचना पर पुलिस लाइन पहुंची पीआरवी ने निरीक्षक मोहित को अपनी सुरक्षा में लेकर नवाबाद थाना छोड़ा। पीड़ित निरीक्षक के लिखित शिकायती पत्र मिलने के बाद नवाबाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

वही आपको बता दे कि पीड़ित इंस्पेक्टर ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पूर्व में अपनी नौकरी से इस्तीफा अधिकारियों को दिया था। जिसे स्वीकार नहीं किया गया। इंस्पेक्टर का आरोप है कि उसका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। वही प्रतिसार निरीक्षक ने मारपीट जैसी घटना से इंकार करते हुए कहा कि अभद्रता और मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। उनका कहना है कि इंस्पेक्टर निलंबित चल रहे है, इसलिए उनका मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है।

हालांकि इस बीच देर रात थाना नवाबाद में इंस्पेक्टर मोहित की जमीन पर बैठी हुई फोटो भी खूब चर्चा में रही।

**एसपी सिटी का कहनाः** इस संबंध में एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह का एक वीडियो देर रात सामने आया। इसके माध्यम से उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर मोहित यादव 2012 के बैच के मृतक आश्रित उपनिरीक्षक भर्ती हुए थे। 2023 में ललितपुर से स्थानांतरित होकर झांसी आए। उनके ऊपर पहले से तीन मिसकंडक्ट व 1 अनुशासन हीनता के आरोप हैं। इसकी जांच वह खुद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर मोहित यादव द्वारा देर शाम पुलिस लाइन पहुंचकर आरआई के साथ मारपीट का आरोप है।

# चुनाव राष्ट्रवादियों और परिवारवादियों के बीच है: भूपेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्याः मिल्कीपुर** उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, नगर निगम महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह उपस्थित रहे। नामांकन से पूर्व मिल्कीपुर में आयोजित सभा में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विपक्ष पर परिवारवाद व नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रवादियों और परिवारवादियों के बीच है। भाजपा ने एक सामान्य कार्यकर्ता



चन्द्रभानु पासवान को प्रत्याशी बनाया है। समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं के बयानों में छाए रहने वाले इस क्षेत्र के सांसद के सुपुत्र को सपा ने प्रत्याशी बनाया है। यह लोग परिवारवादी, जातिवादी है। इस चुनाव के माध्यम से हमें एक संदेश देना है कि भ्रम और झूठ की राजनीति करने वालों को मिल्कीपुर, अयोध्या तथा प्रदेश की जनता ने सबक सिखाने का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि झूठ और फरेब की राजनीति, लोगों को गुमराह करने वालों का जनता ने पर्दाफाश कर दिया है। उनके लिए कोई स्थान नहीं बचा है। पूरा देश योगी और मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा हमें विपक्ष और परिवारवादियों को बेनकाब करना है। तथा जिन्होंने अयोध्या और देश की विरासत, परम्परा को आगे लाने का कार्य किया है। उनका साथ देना है।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले मोदी और लगभग साढ़े सात वर्ष पूर्व योगी आदित्यनाथ को जनता ने सेवा करने का अवसर दिया। 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार ने गुण्डागर्दी, अराजकता, छिनैती, माफियाराज, भ्रष्टाचार प्रदेश की शासन व्यवस्था को खोखला करने का काम किया। हमारी सरकार बिजली, पानी सड़क शिक्षा स्वास्थ्य गरीब कल्याण के लिए, उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है। सपा सरकार के समय सब जानते थे कि सरकारी योजनाओं में किस प्रकार के भेदभाव होते थे। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए बिना भेद-भाव के कार्य किया है। पूर्व की सरकार समाज के विशेष वर्ग को पोषित करने के लिए कार्य करती थी। योगी सरकार में सबको साथ लेकर चलने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने का कार्य किया है।

# लखनऊ में मोहनलालगंज तहसील के सामने झील की जमीन पर हुआ कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** लखनऊ में मोहनलालगंज तहसील के सामने झील की जमीन पर बीते तीन वर्ष से बिल्डरों का कब्जा है। झील की जमीन पर कब्जा करने के लिए, पहले पट्टा कराया गया। बाद में वहां प्लाटिंग और भवनों का निर्माण कराया गया। कुछ वक्त पूर्व में जांच की मांग हुई तो पट्टा निरस्त कर दिया गया। जमीन पर पुनः झील का नाम चढ़ा दिया गया। बावजूद इसके बिल्डरों के हाथों धड़ल्ले से जमीनों की बिक्री हो रही है और खरीददार रोजाना जमीन के मोलभाव कर रहे है। लखनऊ के पूर्व जिलाधिकारी ?अभिषेक प्रकाश के वक्त कुछ स्थानीय लोगों ने झील की जमीन पर कब्जा की शिकायत की थी। तभी पूर्व जिलाधिकारी ने जांच करायी तो मौके पर 43 बीघे झील की जमीन निकली थी। जिसे खाली कराने का निर्देश भी जारी हुआ था, लेकिन तहसील स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। मोहनलालगंज नगर पंचायत में तालाब, जलमग्न भूमि दर्ज गाटा संख्या 672, 672 ज, 672 झ, 672, 573 ख, 573 ग, 699 म, 572 ख, 569 पर आज तक बिल्डरों ने अपना कब्जा नहीं छोड़ा है।

**मोहनलालगंज, गौरा, समेसी में जमीन एजेंट बन चुके भूमाफियाः** लखनऊ में गांव से शहर की ओर अग्रसर मोहनलालगंज, गौरा, समेसी में छोटे काम धंधे करने वाले और जमीन एजेंट रहे लोग आजकल भूमाफिया बन चुके हैं। छोटे बड़े फर्म बनाकर ये एजेंट ही अब जमीनों की स्वतः खरीद बिक्री कर रहे है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 17 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे श्रद्धालु, अयोध्या में उमड़ा जनसैलाब

**तीन दिन में महाकुम्भ के बाद आसपास के धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे श्रद्धालु, विंध्यवासिनी धाम में तकरीबन 5 लाख और नैमिषारण्य में एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे**

**भक्तिपथ**

**अब तक तकरीबन 7 करोड़ से अधिक लोग आ चुके हैं महाकुम्भ, अयोध्या में रात भर भ्रमण कर अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर:** प्रयागराज महाकुम्भ में पहुंचे देश-विदेश के श्रद्धालु अब उत्तर प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचने लगे हैं। स्नान के उपरांत श्रद्धालु 13, 14 व 15 जनवरी को श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य व अयोध्या में दर्शन-पूजन करने पहुंचे। अब तक तकरीबन सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ में स्नान-पूजन किया। अयोध्या



में तीन दिन में तकरीबन 10 लाख, काशी विश्वनाथ मंदिर में 7.41 लाख, विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख व नैमिषारण्य धाम सीतापुर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य, अयोध्या भी पहुंच रहे श्रद्धालु प्रयागराज से श्रद्धालु श्रृंगेवरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य, अयोध्या भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इन क्षेत्रों में पहुंचने से स्थानीय रोजगार को भी काफी बढ़ावा मिल रहा है।

**काशी विश्वनाथ में तीन दिन में पहुंचे 7.41 लाख से अधिक श्रद्धालु**

काशी विश्वनाथ मंदिर में तीन दिन में 7.41 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। यहां 13 जनवरी को 2.19 लाख, 14 जनवरी को 2.31 लाख और 15 जनवरी को 2.90 लाख से अधिक दर्शन करने पहुंचे। विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख व नैमिषारण्य धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।

**प्रयागराज से अयोध्या पहुंचा श्रद्धालुओं का सैलाब:** रामनगरी में निरंतर श्रद्धालुओं का सैलाब पहुंच रहा है। जय श्रीराम के जयकारे संग अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं की आस्था से पूरी नगरी राममय हो गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन दर्शनार्थियों के लिए सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करा रहा है। तकरीबन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु तीन दिन में अयोध्या पहुंचे हैं। रामलला के 500 वर्ष बाद विराजमान होने के उपरांत यहां सर्वाधिक श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यहां रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन उमड़ी है। सीएम के निर्देश पर आयुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य आलाधिकारी धर्मपथ, रामपथ व भक्तिपथ पर भ्रमण करते रहे।

## महाकुम्भ से गोरखपुर भी पहुँचे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** महाकुम्भ से श्रद्धालु गोरखपुर भी पहुंचे। यहां के प्रसिद्ध खिचड़ी मेले में मकर संक्रांति पर 15 लाख श्रद्धालुओं ने खिचड़ी चढ़ाई। बुधवार और गुरुवार को भी यहां श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ रही। खिचड़ी मेला महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यहां श्रद्धालुओं से लेकर कारोबारियों तक के लिए सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के विशेष प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धा का उफान ऐसा था कि मकर संक्रांति पर ही भोर से लेकर शाम तक गोरखनाथ मंदिर आने वाले दो प्रमुख मार्गों (धर्मशाला से और बरगदवा से) पर कुल मिलाकर करीब तीन किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की कतार नहीं टूटी। अनुमान लगाया जा रहा है कि खिचड़ी मेले के दौरान मकर संक्रांति पर प्रति श्रद्धालु द्वारा प्रसाद, नाश्ता और जरूरी सामानों की खरीदारी पर औसतन 300 रुपये ही खर्च किए गए हों तो गुरु गोरखनाथ के प्रति उमड़ी श्रद्धा ने एक दिन में ही 45 करोड़ रुपये की आर्थिक गतिविधियों को गति दी।

## फास्ट न्यूज

### बारिश बनी किसानों के लिए संजीवनी

**नाहन।** जिला सिरमौर के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में देर रात से हो रही बारिश ने किसानों को राहत की सांस दी है। पहाड़ी क्षेत्रों में खेती का ज्यादातर हिस्सा बारिश पर निर्भर करता है और ऐसे में यह बारिश किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। शिलाई, रेणुका, और पच्छाद जैसे विधानसभा क्षेत्रों में किसान बारिश की प्रतीक्षा कर रहे थे क्योंकि यहां की गेहूं, लहसुन और प्याज की फसल मुरझाने के कगार पर पहुंच चुकी थी। बारिश ने न केवल फसलों को नई जान दी है, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौटा दी है। मैदानी इलाकों में भी बारिश ने लाभ पहुंचाया है। हाल के दिनों में कोहरे से परेशान आम जनमानस को बारिश के बाद राहत मिली है। अब मौसम साफ होने से लोगों के जनजीवन में सुधार की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि यह बारिश समय पर हुई है, जिससे उनकी मेहनत रंग लाएगी। कई किसान फसल की स्थिति को लेकर चिंतित थे, लेकिन अब उन्हें अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि यह बारिश फसलों के लिए वरदान साबित होगी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले की सुनवाई 27 को

**प्रयागराज।** मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद मामले में ईदगाह परिसर स्थित श्री कृष्ण कूप पूजा को लेकर दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। मंदिर पक्ष का कहना है कि वर्षों से पूजा होती आ रही है और अब रोका जा रहा है। इसकी अनुमति दी जाय। मस्जिद पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के हवाले से कहा कि कोर्ट ऐसा कोई आदेश नहीं दे सकती। यह भी कहा कि पूजा की मांग कर स्थल की धार्मिक प्रकृति बदलने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल कोर्ट ने कोई आदेश न देते हुए सुनवाई टाल दी है। अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 15 सिविल वादों की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ कर रही है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा द्वारा एकादशी के दिन श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर की परिक्रमा की अनुमति एवं कृष्ण कूप की पूजा की अनुमति की अर्जी दी थी। कोर्ट ने 6 जनवरी को शाही ईदगाह मस्जिद एवं सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आपत्ति दाखिल करने का समय दिया था। मस्जिद की ओर से आपत्ति दाखिल की गई। कहा कि अर्जी में मस्जिद को मंदिर में परिवर्तन करने का आदेश चाहा गया है जो पूजा उपासना स्थल अधिनियम के तहत नहीं किया जा सकता।

## मौनी अमावस्या पर्व के लिए और फाइन ट्यून करें तैयारियां: सचिव



**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर।** पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के सकुशल संपन्न होने के बाद अब योगी सरकार का पूरा फोकस 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों पर है। इसकी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दो पर्वों पर सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं, लेकिन अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में जल्द ही पीएम की विजिट के साथ ही कैबिनेट बैठक भी संभावित है। इसको लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी भी अवश्य मौजूद रहें। मुख्य सचिव ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर्व सकुशल संपन्न कराए गए हैं। अब हमें मौनी अमावस्या के प्रमुख पर्व की तैयारी पर जोर देना है। पिछले दो पर्वों में सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं। अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। 144 साल बाद ऐसी स्थिति बनी है जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति दोनों एक साथ मनाए गए हैं। यह हमारे लिए मौनी अमावस्या से पहले ड्रेस रिहर्सल का अवसर था। उन्होंने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर कहा कि रेलवे स्टेशंस पर जाने के लिए साइनेजेज को और बेहतर किया जा सकता है। सभी साइनेजेज ऐसे होने चाहिए जिन पर श्रद्धालुओं को जानकारी दी जाए कि उन्हें कौन से रेलवे स्टेशन पर जाना है। यह स्पष्ट दिखना चाहिए की उनके गंतव्य की ट्रेन उन्हें कहां मिलेगी। डिजिटल स्क्रीन पर ट्रेन और स्टेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाए।

**पुख्ता इंतजाम**

**मौनी अमावस्या पर्व के साथ ही पीएम की विजिट और कैबिनेट बैठक को लेकर समय पर तैयारियों के निर्देश**

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निकाय चुनाव के लिए हल्द्वानी में किया रोड-शो

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हल्द्वानी शहर में रोड-शो कर मेयर पद पर गजराज सिंह बिष्ट एवं पार्षद पदों पर भाजपा के सभी उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री धामी का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान हर दिशा से मिल रहा अभूतपूर्व समर्थन इस बात का प्रमाण है कि 'जन-जन का साथ भाजपा के साथ है और हम प्रचंड बहुमत से प्रदेश के सभी निकाय क्षेत्रों में "ट्रिपल इंजन सरकार" बनाने जा रहे हैं।'उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार के



**भाजपामय**

**हम प्रचंड बहुमत से प्रदेश के सभी निकाय क्षेत्रों में "ट्रिपल इंजन सरकार" बनाने जा रहे**

नेतृत्व में हल्द्वानी का विकास और तेजी से होगा। सीएम धामी ने कहा कि जनवरी के महीने में सरकार यूसीसी कानून लागू करके अपना चुनावी वादा पूरा करने जा रही है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी की जनता से राष्ट्रीय खेलों में अपनी पूरी सहभागिता करने की अपील की। रोड शो में सांसद अजय भट्ट, भाजपा उम्मीदवार गजराज सिंह, विधायकभगत, मोहन सिंह बिष्ट, विधायक भगत, निर्वतमान मेयर रौतेला,पूर्व राज्य मंत्री रेनू अधिकारी समेत भाजपा के अन्य नेता और संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## खराब मौसम के चलते धर्मशाला नही पंहुच पाए मुख्यमंत्री

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास पर आ रहे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वीरवार को मौसम खराब होने के कारण धर्मशाला नही पंहुच पाए। सुबह से ही मौसम खराब होने के कारण बर्फबारी और बारिश के चलते कम विजिबिलिटी थी जिसके चलते उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नही भर पाया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री का वीरवार से शिमला से धर्मशाला के शीतकालीन प्रवास पर आने का कार्यक्रम था मगर वह खराब मौसम की बजह से धर्मशाला नही आ पाए। मुख्यमंत्री सुक्खू इसे देखते हुए गुरुवार दोपहर बाद तक सचिवालय में ही फाइलें निपटाते रहे। अगर मौसम साफ रहा तो मुख्यमंत्री के अब शुक्रवार को हेलिकॉप्टर से धर्मशाला पहुंचने की उम्मीद है और वह अगले 9 दिन तक धर्मशाला से ही सरकार चलाएंगे।

**मुख्यमंत्री सुक्खू का है यह पहला शीतकालीन प्रवास**

मुख्यमंत्री बनने के बाद सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह पहला शीतकालीन प्रवास है। प्रदेश में यह परंपरा पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 90 के दशक में शुरू की थी, ताकि प्रदेश के निचले क्षेत्रों की जनता के काम निकल सके और मुख्यमंत्री उनकी समस्याओं का समाधान कर सके।

**कांगड़ा में जनता दरबार लगाएंगे मुख्यमंत्री**

कांगड़ा जिला के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास विकास कार्य का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इस बीच वह एक दिन मनाली भी जाएंगे।

## तीन यूटीबी नर्सिंगकर्मी अपनी मांगों को लेकर चढ़े पानी की टंकी पर

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में गुरुवार को उस समय हडकंप मच गया जब तीन यूटीबी नर्सिंगकर्मी गांधी नगर रेलवे स्टेशन स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। युवकों के पानी की टंकी पर होने की जानकारी मिलने पर पुलिस और एसीपी मालवीय नगर मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस के अधिकारियों ने छात्रों से वातालाॅप कर 2 घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार इन छात्रों ने मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी पुलिस को दिया है। जिसके बाद पुलिस ने विभाग के प्रमुख सचिव से वार्ता का आश्वासन देकर छात्र नीचे उतारे। यूटीबी नर्सिंगकर्मी के अनुसार उनकी मांगों में एक मांग यह है कि हाईकोर्ट ने सरकार को 5 नवंबर 2024 को वेतन भुगतान करने का आदेश किया था। अभी तक विभाग द्वारा कोई भी दिशा निर्देश व आदेश जारी नहीं किया गया है। सभी कर्मचारियों की सेवा वृद्धि, विभाग द्वारा अन्य जिलों की सेवा वृद्धि के अनुसार निरंतर रखा जाए। विभाग द्वारा अनुभव व बोनस के लिए न्यायालय में कर्मचारियों का भविष्य को ध्यान में रखते हुए बात रखी जाए। यूटीबी भर्ती 2020 की जांच एसओजी से कराई जानी चाहिए। जिस से भर्ती में हुई गड़बड़ियों के बारे में जानकारी सामने आएगी।

## पीएम राष्ट्रीय खेलों का 28 जनवरी को करेंगे शुभारंभ, तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बनाने की व्यापक तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जनवरी को देहरादून आकर इन खेलों का शुभारंभ करेंगे। उनके आगमन के मद्देनजर शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। खेल सचिवालय, रजत जयंती खेल परिसर में आयोजित उच्चाधिकारियों की बैठक में



खेल मंत्री रेखा आर्या ने उद्घाटन समारोह की योजना की समीक्षा की।

खेल मंत्री ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय खेलों का यह आयोजन भविष्य के लिए एक मिसाल बने और इसमें प्रदेश की स्थापना के रजत जयंती वर्ष की छवि स्पष्ट झलके।

**समीक्षा की**

**भविष्य के लिए उदाहरण बने राष्ट्रीय खेलों का उदघाटन समारोह : खेल मंत्री रेखा आर्या**

**निंदनीय** राहुल के बयान से यह स्पष्ट होता है कि उन्हें न तो संघ की कार्यप्रणाली का ज्ञान है और न ही उसके योगदान का

## राहुल गांधी संघ को पहले समझें, फिर बयान दें: राजीव

**टीम एक्शन इडिया**

**शिमला:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और सरसंघचालक मोहन भागवत पर दिए गए बयान को निंदनीय और अक्षम्य करार दिया है। डॉ. बिंदल ने गुरूवार को कहा कि राहुल गांधी के बयान से यह स्पष्ट होता है कि उन्हें न तो संघ की कार्यप्रणाली का ज्ञान है और न ही उसके योगदान का।

**नेहरू-गांधी परिवार ने हमेशा संघ का अपमान किया**

डॉ. बिंदल ने कहा कि राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि




आरएसएस एक राष्ट्रवादी संगठन है, जो दशकों से राष्ट्र उत्थान के कार्य में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि 1947 में विभाजन के समय संघ ने हजारों हिंदुओं के जान-माल की रक्षा की और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इसके बावजूद पंडित नेहरू ने इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया और संघ के हजारों स्वयंसेवकों को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल लागू किया और एक लाख स्वयंसेवकों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा। उस समय के सरसंघचालक बालासाहेब देवरस को 19 महीने जेल में रहना पड़ा। इसके बाद 1992-93 में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान भी संघ पर प्रतिबंध लगाया गया।

**संघ को राहुल गांधी के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं**

